
उज्जैन
शुक्रवार
26
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-54
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मेरी बॉडी अब किस शेप-साइज में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता न्यू मॉम कियारा आडवाणी बोलीं- वॉर-2 में अपना बिकिनी सीन देख परेशान हो गई थी

पेज- 8

## दस्तावेजों से खुलासा पाकिस्तान के एटमी हथियार दुनिया के लिए खतरा



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है।

## गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को हड़ताल का ऐलान किया

**हैदराबाद।** गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को पूरे देश में हड़ताल का ऐलान किया है। इसका असर स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, जेप्टो, अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी पर पड़ेगा। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने कहा, ये वर्कर्स काम की खराब होती स्थिति, कम होती कमाई, सुरक्षा की कमी, सामाजिक सुरक्षा के अभाव के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। वर्कर्स ने केंद्र, राज्यों से अपील की है कि वे इन प्लेटफॉर्म कंपनियों को रेगुलेट करें। गिग वर्कर्स की ओर से जारी बयान में 25 दिसंबर को भी हड़ताल का जिक्र है। इसके असर का पता नहीं चल सका।

## सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही, दूतावास के अधिकारी उनका पीछा करते हैं



**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है। पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा- मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं।

## रूस ने ब्रिटेन के पास उड़ाए बमवर्षक विमान, नाटो ने फाइटर जेट्स तैनात किए

**रूस।** रूस ने क्रिसमस के दिन ब्रिटेन की उत्तरी सीमा के करीब अपने टीयू-95एमएस बमवर्षक विमान उड़ाए। टीयू-95एमएस बमवर्षक विमानों को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम माना जाता है। ये विमान नॉर्वेजियन सागर के ऊपर देखे गए। रूस की इस सैन्य गतिविधि के बाद नाटो अलर्ट हो गया। स्थिति पर नजर रखने के लिए नाटो ने तुरंत अपने फाइटर जेट्स तैनात कर दिए। इन जेट्स ने रूसी विमानों की उड़ान पर निगरानी रखी। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी बमवर्षकों के साथ एसयू-33 फाइटर जेट्स भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि यह कदम पश्चिमी देशों को संदेश देने और दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

## 7 दिन में दूसरी घटना, इससे पहले दीपू दास को मारकर जलाया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका



बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है।

इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था।

### मौजूदा सरकार गैर-मुसलमानों पर अत्याचार कर रही



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग नेता शेख हसीना ने अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार देश में गैर-मुसलमानों के खिलाफ अकल्पनीय और भयावह अत्याचार कर रही है। शेख हसीना ने कहा कि अवैध तरीके से सत्ता में आई सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों की आस्था की स्वतंत्रता में दखल दे रही है।

## ग्वालियर में अमित शाह बोले

## सीएम मोहन की कार्यशैली शिवराज से ज्यादा ऊर्जावान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। शाह ने ग्वालियर में अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट और रीवा में कृषक सम्मेलन में शिरकत की।

शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के मेला ग्राउंड में राज्यस्तरीय अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिटः निवेश से रोजगार, ग्वालियर व्यापार मेला और अटल म्यूजियम का उद्घाटन किया। 2 लाख करोड़ रुपए की 1655 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया। इस दौरान शाह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की कार्यशैली को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से ज्यादा ऊजार्वान बताया। शाह बोले- दिग्विजय सिंह के शासन में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य बनकर रह गया था। शिवराज ने प्रदेश से बीमारू का टैग हटाया और अब मोहन यादव, शिवराज से ज्यादा ऊर्जा के साथ इसको आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

## कार्बी आंगलोंग हिंसा-11 हजार लोग घरों में कैद, बाजार बंद

**वेस्ट कार्बी आंगलोग।** असम के 12 लाख की आबादी वाले स्वायत्तशासी कार्बी आंगलोंग में इस समय आप किसी से भी बात करेंगे, तो शायद जवाब न मिले, क्योंकि हिंसा का खौफ लोगों के दिल और दिमाग में बैठ गया है। घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं। बाजार बंद हैं। मोबाइल डेटा सर्विस बंद है।

22-23 दिसंबर को यहां स्थानीय कार्बी आदिवासी और बाहरी लोगों के बीच हुई हिंसा में 2 की मौत हो गई थी। 60 पुलिसकर्मियों समेत 150 से ज्यादा घायल हैं। इनमें एक दिव्यांग सूरज डे को भीड़ ने जिंदा जला दिया था।

## अमेरिका की नाइजीरिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार रात नाइजीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प का आरोप है कि यहां आईएसआईएस ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहा है। उन्होंने आईएसआईएस आतंकियों को 'आतंकी कचरा' बताते हुए लिखा कि यह संगठन लंबे समय से निर्दोष ईसाइयों की हत्या कर रहा है। ट्रम्प के मुताबिक इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना ने कई परफेक्ट स्ट्राइक कीं।

महाकाल टूर एण्ड ट्रेवल्स
सभी प्रकार की फोर व्हीलर नई गाड़ियां रेन्ट पर उपलब्ध है।



राजसिंह सिसौदिया
9131128124
626271743
24 घंटे सेवा उपलब्ध है।
नोटः 13 घंटे बाद 500 रुपये एक्सट्रा चार्ज लगेगा।
अवन्तिका होटल, रेलवे स्टेशन, उज्जैन

## सरकारी कार्यालयों में अफसरों के पद खाली....

# कामकाज पर पड़ रहा बुरा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूरे सूबे के साथ ही उज्जैन जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी अफसरों के पदों के खाली होने से कामकाज पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि हजारों पद भरे नहीं गए हैं, जिससे बचे हुए कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है और जनता को समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

खासकर सरकारी विभागों में ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं। ऐसे में वरिष्ठ स्तर के पदों के खाली होने से कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ रहा है।

> ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के आधे से अधिक पद खाली पड़े

जानकारी के अनुसार, प्रदेश में वरिष्ठ स्तर के स्वीकृत पदों में से करीब 85 हजार पद रिक्त हैं। यह कुल स्वीकृत पदों के करीब 42 प्रतिशत हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के कुल 1.48 लाख पद स्वीकृत हैं। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार ग्रेड 1 के 8410 पद रिक्त हैं, जबकि ग्रेड 2 के 76 हजार 639 पद रिक्त हैं। मप्र में वरिष्ठ स्तर के रिक्त पद अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 राजपत्रित अधिकारी हैं। ग्रेड 1 के अधिकारियों में संयुक्त कलेक्टर और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रैंक के अधिकारी शामिल हैं, जबकि ग्रेड 2 के अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर और समकक्ष रैंक के अधिकारी शामिल हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के अधिकारियों में आईएएस अधिकारी शामिल नहीं हैं। आईएएस अधिकारी भारत सरकार के नियमों के अधीन हैं।

### नई भर्तियों के लिए अवसर नहीं बन पाए

दरअसल, वर्ष 2016 से प्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया रुकी होने के कारण सरकार ने अस्थाई व्यवस्था के तहत कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया, लेकिन अधिकारी कनिष्ठ पदों पर भी बने रहे। इसका अर्थ यह है कि किसी कर्मचारी को वरिष्ठ पद का प्रभार दिए जाने पर भी उसका मूल पद रिक्त नहीं माना जाता। इससे नई भर्तियों के लिए अवसर नहीं बन पाए। पदोन्नति के पात्र कर्मचारियों की संख्या 4 लाख से ज्यादा है। पदोन्नति के बाद 2 लाख नए रिक्त पद अपेक्षित हैं। पिछले साढ़े नौ साल में एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर्ड हो गए। पदोन्नति पर रोक लगी होने से अधिकारी-कर्मचारियों की नाराजगी और उनमें व्याप्त निराशा को देखते हुए पदोन्नति का रास्ता खोलने के लिए डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने गत 17 जून को मप्र लोक सेवा प्रमोशन नियम-2025 को मंजूरी दी थी। सरकार ने पदोन्नति के नए नियमों के संबंध में 19 जून को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया था।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### 11.30 लाख की धोखाधड़ी में फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** गोल्ड लोन टेकओवर कराने के नाम पर फर्जी रसीद दिखाकर 11.30 लाख की धोखाधड़ी में फरार दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। आरोपी के साथी को 21 दिसंबर की रात गिरफ्तार किया था, जिसे चार दिनों की रिमांड पर लिया गया था। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि 16 दिसंबर को मणप्पुराम फाइनेंस लिमिटेड की मैनेजर संध्या यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रामगोपाल विश्वकर्मा और उसके साथी अंशुल दांगी के द्वारा फर्जी रसीदे दिखाकर गोल्ड लोन टेकओवर कराने की बात कहते हुए उनकी फाइनेंस कंपनी से 11.30 लाख का आरटीजीएस कराकर धोखाधड़ी की है। शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। 21 दिसंबर की रात विदिशा के रहने वाले अंशुल डांगी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे न्यायालय में पेशकर चार दिनों की रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान उसके साथी रामगोपाल विश्वकर्मा का पता चलने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि रामगोपाल ने 11.30 लाख रूपये अपने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक खाते में आरटीजीएस कराये थे। उसने नियमानुसार उक्त राशि आईआईएफएल फाइनेंस में जमा ना करते हुए अपने दोस्त अंशुल के बैंक ऑफ बडौदा खाते में आरटीजीएस कर दिये थे और मणप्पुरम फाइनेंस कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकले थे। उनके द्वारा धोखाधड़ी कर हड़पी गई राशि को बैंक के माध्यम से फीज करा दिया गया है।

### नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में दो यात्रियों का सामान चोरी

**उज्जैन।** नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में सवार दो यात्रियों का सामान चोरी हो गया। एक यात्री का मोबाइल तथा दूसरे यात्री का मोबाइल और पर्स चोरी हुआ है ।गुरुवार सुबह ट्रेन जब उज्जैन पहुंची तो दोनों यात्रियों ने जीआरपी में सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने जब तलाश शुरू की तो चोरी हुआ पर्स खाली अवस्था में ट्रेन की बाथरूम में पड़ा मिला। पुलिस चोर का पता लगाने में जुटी हुई है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि कटनी निवासी अभिषेक पिता कुलभूषण उज्जैन में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन से उज्जैन आ रहे थे इसी दौरान रास्ते में अज्ञात बदमाश ट्रेन में उनका पर्स व मोबाइल चुरा ले गए। चोरी का पता लगने पर उन्होंने उज्जैन पहुंचने पर जीआरपी थाने में चोरी की शिकायत की। पुलिस ने ट्रेन में खोज की तो उसका पर्स खाली अवस्था में ट्रेन के बाथरूम में पड़ा मिला। अभिषेक ने बताया कि पर्स में 10,000 रूपए सहित कागज रखे हुए थे। इसी तरह रांची निवासी सोनू अपने मित्रों के साथ नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में बैठकर देव दर्शन के लिए उज्जैन आ रहा था।

### जरूरतमंद बच्चों को कॉपी-पेन के साथ भेंट की उपहार सामग्री

**उज्जैन।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी की जयंती के पावन अवसर पर संस्था सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सेवा एवं सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुनील बारोड ने बताया कि सामाजिक सरोकार की भावना के साथ ग्राम सदावल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार शाला में सेवा बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र, कॉपी-पेन एवं उपहार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 238-3 | 200-2 |
| मेन बाजार | 670-3 | 450-9 |
| मिलन डे | 357-5 | 269-7 |
| मिलन आइट | 577-9 | 124-7 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 |

## महाकाल मंदिर में आस्था और दान दोनों में उछाल

# एक साल में 13 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण मिले, 1 अरब से अधिक का दान आया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और दान दोनों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। देश-विदेश से आने वाले भक्त अब पहले से कहीं अधिक संख्या में भगवान महाकाल के दर्शन कर रहे हैं और दिल खोलकर दान भी कर रहे हैं।

महाकाल लोक बनने से पहले मंदिर में प्रतिदिन 40 से 50 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर रोजाना करीब डेढ़ से दो लाख श्रद्धालुओं तक पहुंच गई है। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु सोना-चांदी के साथ-साथ नगदी भी दान कर रहे हैं।

महाकाल मंदिर में बीते 11 महीनों में 5.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इस दौरान भक्तों ने करीब 13 करोड़ रुपए मूल्य का सोना-चांदी दान किया है, जबकि नकद दान के रूप में 43 करोड़ 43 लाख रुपए मंदिर समिति को प्राप्त हुए हैं।

इस वर्ष 1 जनवरी से 15 दिसंबर तक कुल 5.5 करोड़ श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगी दान पेटियों से महाकाल मंदिर समिति को 43 करोड़ 43 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ है। वहीं शीघ्र दर्शन व्यवस्था से मंदिर समिति को करीब 64 करोड़ 50 लाख रुपए की आय हुई है।

पिछले वर्ष 2024 में भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को कुल 92 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस वर्ष, पिछले साल की तुलना में करीब 15 करोड़ रुपए अधिक दान भगवान महाकाल को प्राप्त हुआ है।

इस बार भेंट पेटी और शीघ्र दर्शन से महाकाल मंदिर को 11 माह 15 दिन में 107 करोड़ 93 लाख रुपए की आय हुई है। अभी 15 दिन शेष हैं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के महाकाल मंदिर पहुंचने की उम्मीद है। महाकाल मंदिर में अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय जैसे भस्म आरती बुकिंग,अभिषेक पूजन की आय, अन्न क्षेत्र से आय, धर्मशाला बुकिंग आय,फोटोग्राफी मासिक शुल्क आय, भांग एवं ध्वजा बुकिंग से आय,उज्जैन दर्शन बस सेवा से होने वाली आय शामिल नहीं।

### 13 करोड़ से अधिक के आभूषण दान आए

महाकाल मंदिर में एक जनवरी 2025 से लेकर पंद्रह दिसंबर 2025 तक के बीच में श्रद्धालुओं ने 592.366 किग्रा चांदी और 1483.621 ग्राम सोना बाबा महाकाल को दान किया है। दान आए आभूषणों में सोने की कीमत करीब 1 करोड़ 82 लाख रुपए तो चांदी की कीमत 11 करोड़ 85 लाख रुपए के आसपास है। महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने एक वर्ष से भी कम समय में 13 करोड़ रुपए से अधिक के तो सिर्फ आभूषण ही दान कर दिए।

### पिछले वर्ष की तुलना में 193 किलो चांदी अधिक

भक्तों ने वर्ष 2024 में इस वर्ष की तुलना में सोना अधिक दान किया था। इस वर्ष चांदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक दान में मिली है। साल 2024 में 1 जनवरी से 13 दिसंबर 2024 तक भक्तों ने 399 किलो चांदी और 1533 ग्राम सोना बाबा महाकाल को दान किया था। हालांकि पिछले वर्ष और इस वर्ष सोने और चांदी की कीमत में काफी अंतर आने से बाबा महाकाल को मिलने वाले दान की कीमत में करीब 10 करोड़ रुपए का अंतर आ गया। साल 2024 में 64 किलो आभूषण ऐसे थे जो दानपेटी से निकले थे, जिसमें हीरे की अंगूठी, कीमती घड़ी, डॉलर सहित अन्य देशों की मुद्रा भी शामिल थे।

**15 दिसंबर तक 5.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे-** वर्ष 2025 खत्म होने को है इससे पहले महाकाल मंदिर से मिले आंकड़ों को देखें तो सामान्य दिनों में मंदिर दर्शन के रोजाना 1.20 लाख श्रद्धालु आ रहे हैं। वीक एंड में डेढ़ से पौने दो लाख श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि एक जनवरी से दिसंबर माह के शुरूआत तक मंदिर में अब तक पांच करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके है। 25 दिसंबर से 31 जनवरी तक करीब 6 लाख श्रद्धालुओं के मंदिर में पहुंचने की संभावना है।

**दो वर्ष से गर्भगृह बंद-** महाकाल मंदिर में गर्भगृह बंद हुए करीब दो वर्ष अधिक का समय हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह में दर्शन करने का शुल्क 750 रुपए प्रति व्यक्ति और जल अर्पण का 1500 शुल्क था। जुलाई 2023 में गर्भगृह में आम भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया गया। जिसके बाद से गर्भगृह पूर्णतः बंद है। साल 2023 में जनवरी से जुलाई तक गर्भगृह दर्शन और जल अर्पण से सात माह में 21 करोड़ रुपए की आय हुई थी। गर्भगृह बंद होने से महाकाल मंदिर समिति को करोड़ों रुपए के दान का नुकसान हो रहा है।

# व्यापारियों को बताए मिठाइयों पर चांदी वर्क सही लगाएं, ताकि लोग स्वस्थ रहें

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले की दुकानों में मिठाइयों पर लगाए जाने वाले चांदी के वर्क की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। नकली या मिलावटी वर्क का प्रयोग नहीं हो। दुकान संचालक यह ध्यान रखें कि मिठाइयों के ऊपर मापदंड के अनुसार ही वर्क का प्रयोग किया जाएं, ताकि इससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। इसकी शुरूआत उज्जैन जिले से होना चाहिए। दुकान संचालकों को जागरूक किया जाएं।

यह निर्देश कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने दिए। वे प्रशासनिक संकुल भवन में खाद्य सुरक्षा के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ले रहे थे। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंतदत्त शर्मा ने बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की कार्रवाई और प्रयोगशाला में भेजे खाद्य पदार्थों के रेग्युलेटरी और सर्विलांस नमूनों के बारे में जानकारी दी। विभाग से 98 प्रकरण प्रस्तुत किए हैं। इस पर कलेक्टर ने एडीएम को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में इट राइट चैलेंज के चतुर्थ चरण से जुड़ी जानकारी भी दी गई। बताया कि चामुंडा माता मंदिर और इॅस्कान मंदिर को भोग सर्टिफिकेट प्रदान किया है। कॉसमॉस मॉल चौपाटी और तरण ताल चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब सर्टिफिकेट प्रदान किया है। शिप्रा रेसिडेंसी, पुलिस ऑफिसर्स मेस, ग्रेसिम केमिकल, ग्रेसिम इंडस्ट्रीज और होटल उज्जैनी को इट राइट कैंपस सर्टिफिकेट प्रदान किया है।

# आखिरकार महाराजवाड़ा स्कूल की 8 बस का संचालन फिर से शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजवाड़ा क्रमांक-3 की 8 बसों का संचालन बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने फिर से शुरू कर दिया है।

शहर के तीन सांदीपनि स्कूलों में बसों के बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड ने 16 दिसंबर से बसों का संचालन बंद कर दिया था। इसमें सांदीपनि शासकीय जालसेवा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 6, जीवाजीगंज की 4 और महाराजवाड़ा क्रमांक-3 विद्यालय की 8 बसों का संचालन बंद कर दिया था। बकाया बिल का भुगतान होने पर सोमवार से जालसेवा निकेतन और जीवाजीगंज विद्यालय की बसों का संचालन शुरू कर दिया था, लेकिन जून 2025 से बिल बकाया होने के कारण महाराजवाड़ा क्रमांक-3 विद्यालय की बसों का संचालन शुरू नहीं किया था।

# उज्जैन में गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**सिख समाज में उत्साह, बाहर से आए कथाकार और गतका दल हुए शामिल**



गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा गुरुवार को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। उज्जैन के फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुख सागर से शुरू हुए इस कीर्तन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान समाजजनों ने पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया। नगर कीर्तन का समापन गुरुद्वारा दूधतलाई पर हुआ, जहां सभी समाज के लिए लंगर की सेवा की गई।

सिख समाज द्वारा गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर पांच दिवसीय आयोजन विभिन्न गुरुद्वारों में किए जा रहे हैं। गुरुद्वारा सुख सागर फ्रीगंज के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा ने बताया कि गुरुद्वारे में अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद गुरबाणी कीर्तन और कथा विचार के साथ लंगर की सेवा हुई, जिसके बाद नगर कीर्तन प्रारंभ किया गया।

नगर कीर्तन में पंच प्यारे, उज्जैन की संगत, बाहर से आए कथाकार, गतका पार्टी, बैंड और डीजे शामिल थे। बैंड पर शबद कीर्तन का गायन किया जा रहा था। सिख समाज की ओर से 'सभी मिलकर रहें, संगत और पंगत एक हो' का संदेश दिया गया।

नगर कीर्तन के दौरान गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी भी शामिल थी। गुरुद्वारा सुख सागर से कीर्तन शुरू होने से पहले सिख समाज की महिला सदस्यों ने झाडू लगाकर और पानी डालकर रास्ते की सफाई की। कीर्तन दल में शामिल गतका दल के सदस्यों ने तलवार और लाठी से अपने शौर्य का प्रदर्शन किया।

यह नगर कीर्तन फ्रीगंज गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर घास मंडी चौराहा, गुरुनानक मार्केट, टावर चौक, चामुंडा माता चौराहा और देवास गेट होते हुए गुरुद्वारा दूध तलाई पर समाप्त हुआ।

उज्जैन
शुक्रवार
26
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उपसर्गेऽन्यचक्रे च दुर्भिक्षे च भयावहे।
असाधुजनसम्पर्के पलायति स जीवति॥

**अर्थः** उपद्रव या लड़ाई हो जाने पर, भयंकर आकाल पड़ जाने पर और दुष्टों का साथ मिलने पर भागजाने वाला व्यक्ति ही जीता है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। देर रात उसके दोस्त उसे घायल अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि दिन में उसका किसी से विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई लोकेश भदौरिया के मुताबिक मृतक का नाम नीरज गंगराडे है। लाल पेट्रोल पंप के पास उस पर हमला किया गया था। दोस्त उसे गंभीर हालत में रात करीब दो बजे एमवाय अस्पताल लेकर आए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर रात में ही डीसीपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ज्वेलरी शॉप चोरी का खुलासा, ग्राफिक्स डिजाइनर और उसकी महिला साथी ने की वारदात

**इंदौर।** इंदौर के राउ थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले हुई ज्वेलरी शॉप चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक ग्राफिक्स डिजाइनर युवक और उसकी महिला साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले इलाके की रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद दोनों शहर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने उनके पास से करीब 16 लाख रुपए की चोरी की ज्वेलरी बरामद की है। दोनों आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया। डीसीपी कृष्णालाल चंदानी ने बताया कि राउ थाना क्षेत्र के सिलिकॉन सिटी में स्थित देवेंद्र सोनी की श्री ज्वेलर्स दुकान में चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी छत के रास्ते दुकान में उतरते और वारदात के बाद फरार होते नजर आए थे। जांच के दौरान पुलिस ने मंडला जिले निवासी प्रियांशु को गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में चोरी की ज्वेलरी बरामद की। मामले में उसकी साथी आर्या, जो नीट की तैयारी कर रही है, को भी हिरासत में लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी प्रियांशु टीसीएस कंपनी में ग्राफिक्स डिजाइनर के पद पर कार्यरत था, लेकिन करीब दो माह पहले एआई तकनीक के कारण उसकी नौकरी चली गई थी। इसके बाद वह आर्थिक संकट में आ गया और इसी परेशानी के चलते उसने चोरी की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

### पति ने पत्नी की हत्या की सिर पर भारी वस्तु से हमला

**इंदौर।** इंदौर के निरंजनपुर इलाके में बुधवार रात एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला अपने ही घर के किचन में घायल अवस्था में पड़ी मिली थी, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। मामले की सूचना अस्पताल से पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। जांच में हत्या की पुष्टि हुई है, जबकि आरोपी पति फरार है। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि बुधवार रात अस्पताल से संगीता चौहान (45) की मौत की सूचना मिली थी। जांच के दौरान मृतका के बेटे आकाश ने बताया कि वह और उसका भाई काम पर गए थे। रात में जब दोनों घर लौटे तो मां सामने के कमरे में नहीं मिली। किचन में जाने पर मां जमीन पर घायल अवस्था में पड़ी थी और सिर से खून निकल रहा था। मां को इस हालत में देखकर वह चिल्लाया, तभी उसके पिता रमेश चौहान को घर से बाहर की ओर तेजी से भागते हुए देखा गया। बाद में आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी गई और घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के सिर पर भारी वस्तु से वार किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पति रमेश चौहान घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

### देवास में दंपती के आत्मदाह में नया मोड़, सरस्वती बोली- मैं तो बचाने गई थी, वह मेरी बच्ची जैसी

# पेट्रोल की बोतल फेंकने वाली महिला जयश्री की जेठानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



देवास के दंपती संतोष और जयश्री व्यास के आत्मदाह मामले में नया मोड़ आ गया है। घटना से जुड़ा एक और वीडियो सामने आने के बाद पूरे मामले को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल, जयश्री व्यास की हालत गंभीर बनी हुई है और इंदौर में उनका इलाज चल रहा है।

दरअसल, सतवास के पहले सामने आए वीडियो में एक महिला दंपती पर बोतल में भरा पदार्थ फेंकती नजर आ रही थी, जिसके बाद आग भड़क उठी। अब उसी घटना का दूसरा एंगल सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि यह महिला कोई और नहीं, बल्कि जयश्री की जेठानी सरस्वती व्यास हैं। वीडियो सामने आने के बाद सरस्वती व्यास ने पूरे मामले पर खुलकर अपना पक्ष रखा है।

उन्होंने कहा कि जयश्री मेरी बच्ची जैसी है। मैं तो दोनों को बचाने गई थी। गुरुवार को सरस्वती व्यास पति धर्मेंद्र व्यास सहित अन्य रिश्तेदारों के साथ इंदौर में एडमिट देवर-देवरानी की हालत जाननी पहुंची। उन्होंने खुद से जुड़े पूरे घटनाक्रम को बताया। कहा कि मेरे कुछ पल को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। पहले वीडियो में संतोष और जयश्री व्यास तहसीलदार अरविंद दिवाकर से बहस करते हुए माचिस की तीली जलाने की कोशिश कर रहे हैं, तभी एक महिला (जेठानी सरस्वती) जमीन पर पड़ी बोतल में रखा पदार्थ फेंकती है और अचानक आग लग जाती है।

### अब जानिए दूसरे [illegible] में क्या है

दूसरा वीडियो 51 सेकंड का है। इसमें जेसीबी मशीन, तहसीलदार, प्रशासनिक टीम और बड़ी संख्या में मौजूद भीड़ दिखाई दे रही है। टीम कार्रवाई कर रही है। आगे के हिस्से में व्यास दंपती और तहसीलदार अरविंद दिवाकर में बहस हो रही है। इस दौरान भीड़ में एक पुलिसकर्मी भी दिखाई देता है। फिर दंपती हताश होकर जेसीबी के दूसरे हिस्से के पास पहुंच जाते हैं। अगले ही पल दोनों के हाथों में पेट्रोल से भरी बोतल दिखाई देती है। जयश्री कहती है कि ये देखो। फिर खुद पर काफी पेट्रोल छिड़कती है। इस दौरान कुछ पेट्रोल पति संतोष के स्वेटर के अगले हिस्से में गिरता है, तभी संतोष माचिस से तीली जलाने की कोशिश करते हैं और जयश्री जलने के लिए आगे बढ़ती है। लोग उनकी ओर चिल्लाते हुए आगे बढ़ते हैं कि ऐसा नहीं करें।

- **इसी वीडियो का अब दूसरा एंगल देखिए-** इस दौरान दंपती के सामने अन्य लोगों के साथ एक महिला (जेठानी सरस्वती) आगे बढ़ती है। उसे ठीक दंपती के सामने जमीन पर पड़ी बोतल दिखाई देती है (वही बोतल जो पेट्रोल छिड़कने के बाद जयश्री ने फेंकी थी। सरस्वती यह बोतल उठाकर सबसे आगे आती दिखाई रही है और तुरंत उनकी ओर उठाकर फेंक देती है।
- **एक-दो सेकंड का बड़ा संयोग-** खास बात यह कि एक-दो सेकंड के इस पल में संतोष और जयश्री दोनों ही तीली जलाते दिख रहे हैं और उधर सरस्वती का बोतल फेंकना होता है। इसके साथ ही तुरंत आग का भभका उठता है और दंपती उसकी चपेट में आ जाते हैं। वे जलते हुए पीछे होते हैं और गिर जाते हैं। लोग उन्हें बचाने की कोशिश करते हैं। इन्हें में से जेठानी सरस्वती भी उन्हें बचाने के लिए दौड़ती है। वह लोगों को पीछे कर आगे बढ़ती है, तब तक दंपती काफी झुलस जाते हैं।

### मप्र की पहली कलिनन सीरिज- 2, स्पेशल ऑर्डर पर लाए, मुकेश अंबानी के पास भी है

# इंदौर में आई 15 करोड़ की रॉल्स-रॉयस एसयूवी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

स्टाइल, परफॉर्मेंस और रॉयल लुक के लिए पूरी दुनिया में फेमस ब्रिटिश लग्जरी कार ब्रांड रॉल्स रॉयस की सुपर स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) कलिनन सीरिज-2 अब इंदौर की सड़कों पर भी दौड़ती नजर आएगी। यह मध्यप्रदेश की सबसे महंगी और पहली कलिनन सीरिज-2 लक्जरी कार है। इसकी डिलीवरी गुरुवार को रोल्स रॉयस कंपनी ने इंदौर में की है। हाल ही में कार को रेपर बादशाह ने भी खरीदा है। यह लग्जरी कार रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास भी है।

इंदौर के उद्योगपति केके सिंह के बेटे माणिक और अंकित सिंह ने इस अल्ट्रा लग्जरी एसयूवी कार को 15 करोड़ 10 लाख रुपए कीमत (ऑन रोड प्राइस) में खरीदा है। एमरल्ड ग्रीन



कलर कॉम्बिनेशन वाली यह कार मप्र की सबसे महंगी कार है। एसयूवी के लिए आरटीओ से विशेष नंबर 0085 नंबर खरीदा जा रहा है।

यह एसयूवी महज 5.2 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रतिघंटा की स्पीड पकड़ लेती है। इस कलिनन कार का ग्राउंड क्लीयरेंस 190एमएम (मिली मीटर) है। जरूरत पड़ने पर एक बटन दबाते ही इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 40एमएम बढ़कर 230टट हो जाता है। कार ओनर साक्षी सिंह ने बताया कि यह उनकी ड्रीम कार है जो 1 साल में तैयार होकर यूके से इंदौर आई है। यह कार पूरी तरह से कस्टमाइज्ड कराई गई है। इसकी टॉप स्पीड 250 किमी प्रति घंटा है। माणिक सिंह ने बताया की एसयूवी कार में करीब 3 करोड़ रुपए का कस्टमाइजेशन कराया गया है। इससे कीमत 15 करोड़ रुपए हुई है। कार सुपर फीचर्स से लैस है। इसे तैयार करने वाली इंजीनियरिंग टीम ने इसकी ड्राइविंग को बेहतर करने के लिए अच्छा खासा काम किया है। ड्राइविंग परफॉर्मेंस बेहतर बनाने एक नया लो ड्राइविंग मोड दिया गया है। कार की बेस प्राइज लगभग 12 करोड़ रुपए है, लेकिन कस्टमर की जरूरतों और पसंद के अनुसार कार को तैयार किया जाता है, इसलिए कार की कीमत अलग-अलग रहती है। माणिक सिंह ने बताया कि कार में स्पेशल कलर ऑप्शन लिया गया है। उसके व्हील भी क्रोम कलर के कस्टमाइज्ड कराए गए हैं। इंटीरियर भी स्पेशल मेंडेरियन इंटीरियर है। यह ऑरेंज रंग का होता है, जो अंदरूनी हिस्सों (जैसे सीटें, डैशबोर्ड, दरवाजे के पैनल) पर इस्तेमाल किया जाता है। रोल्स-रॉयस इस कलर स्कीम के लिए काफी प्रसिद्ध है।

## पहली बार बीए, बीकॉम, बीएससी के टॉपर्स को भी मिलेंगे मेडल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 16 फरवरी को होने जा रहे दीक्षांत समारोह में परंपरागत कोर्स के भी 20 टॉपर छात्रों को गोल्ड-सिल्वर मेडल दिया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा जब नई शिक्षा नीति के छात्रों को दीक्षांत समारोह में मेडल मिलेगा। डीएवीवी प्रशासन ने इसके लिए मेरिट सूची तैयार कर ली है। बीए के 10 टॉपर्स को मेडल मिलेंगे, जबकि बीएससी के 6 और बीकॉम के 4 छात्रों को गोल्ड-सिल्वर दिए जाएंगे।

अभी तक एमए, एमएससी, एमबीए, बीटेक, एमबीबीएस व बीएड जैसे कोर्स में ही मेडल दिए जा रहे थे। पहली बार यूनिवर्सिटी ने दीक्षांत समारोह में नई शिक्षा नीति के कारण परंपरागत कोर्स को भी शामिल किया है। इसमें यूजी थर्ड ईयर के 19 व फोर्थ ईयर के 1 छात्र को चयनित किया है। इस बार अलग-अलग कोर्स में मिलाकर कुल 100 गोल्ड व 15 सिल्वर मेडल दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति मंगूभाई पटेल होंगे। उन्हीं के हाथों वर्ष 2023-24 व 2024-25 के टॉपर्स को यह मेडल दिए जाएंगे। 100 से ज्यादा अभ्यर्थियों को पीएचडी की डिग्री सौंपी जाएगी। दो से तीन डी. लिट् की उपाधि भी देंगे। कुलपति डॉ. राकेश सिंघई का कहना है, ₹यह आयोजन खंडवा रोड स्थित तक्षशिला कैंपस के ऑडिटोरियम में होगा। जल्द ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

# इंदौर सराफा बाजार में दुकानदार-एजेंट के बीच चले लात-घूंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





**ग्राहकी को लेकर हुआ विवाद; भीड़ देखती रही और वीडियो बनाती रही**

इंदौर के सराफा बाजार में ग्राहकी को लेकर एक दुकानदार और एजेंट के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना का वीडियो लोगों ने बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।

इसके पहले सराफा चौपाटी में दो दुकानदारों के बीच हुई मारपीट का वीडियो भी जमकर वायरल हुआ था। सराफा बाजार में गुरुवार को रोज की तरह भीड़ थी। इस दौरान ग्राहकी को लेकर दुकानदार और एजेंट के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ने लगा और मारपीट की नौबत आ गए। दोनों के बीच जमकर लात-घुसे चले। इस दौरान भीड़ देखती रही और वीडियो बनाती रही।

सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि घटना शाम की है। ग्राहकी को लेकर दोनों के बीच विवाद और मारपीट हो गई थी। इस मामले में राहुल (27) पिता राजेश वागले निवासी महूनाका और दिलीप पिता इंदर सिंह रघुवंशी निवासी धानगली के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इसमें राहुल दुकानदार है, जबकि दिलीप एजेंट है। दोनों के द्वारा शांतिभंग की गई थी, जिसके चलते इन पर कार्रवाई की गई है। पुलिस जब दोनों को लेकर थाने पहुंची तो वे राजीनामा करने की बात कहने लगे, लेकिन पुलिस ने उन पर कार्रवाई की।

## खबर एक नजर...

### पंजाबी महिला विकास समिति ने नगर कीर्तन पर की पुष्पवर्षा

**उज्जैन।** सिख पंथ के दसवें गुरू श्री गोविंदसिंहजी के प्रकाश पर्व पर निकले नगर कीर्तन का स्वागत पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा पुष्पवर्षा कर किया गया। 25 दिसंबर को टॉवर चौक पर पंजाबी महिला विकास समिति की शुभ्रा जुल्का, शोभा मेहरा, कामिनी जूनेजा, रजनी सेठ, प्रेम छाबड़ा, सीमा रावल, मंजू कपिल, इशा सहगल, उषा जूनेजा सहित बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत किया।

### वाजपेयी की जन्म जयंती पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया माल्यार्पण

**उज्जैन।** भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित परम श्रद्धेय स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा नगर जिला उज्जैन के तत्वावधान में कोट मोहल्ला एवं तोपखाना क्षेत्र में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नगर जिला अध्यक्ष शेर अली भाई, नगर जिला महामंत्री सलीम अहमद, अकील खान, नगर जिला उपाध्यक्ष बाबर खान, नासिर राइन, डॉ. आसिफ नागौरी, हयात शेख सहित मोर्चा मंडल अध्यक्षगण अब्दुल वाहिद नागौरी, नूरुद्दीन अंसारी, शहरोज कुरैशी, सद्दाम हुसैन सर, मोहम्मद अली एवं आरिफ भाई आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह जानकारी नगर जिला महामंत्री सलीम अहमद ने दी।

### नगर कीर्तन का अभिनन्दन किया

उज्जैन। सिख समाज के नगर कीर्तन का देवासगेट से 25 दिसम्बर 2025 की शाम अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारीगणों ने पुष्पमाला तथा पुष्पवृष्टी से अभिनंदन किया,इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अनिलसिंह चंदेल,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, युवाविंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आनंदसिंह खींची,युवाविंग के शहर अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह गौड़ एवं सर्वश्री मलखानसिंह, शैलेन्द्रसिंह ठाकुर, भारतसिंह राठौड़,भगवानसिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

# माधव महाविद्यालय में भाषा परिवार ने सेमिनार आयोजित किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



माधव महाविद्यालय में भाषा परिवार द्वारा प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें उद्घाटन और समापन सत्रों के अलावा तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए।

प्रथम तकनीकी सत्र में प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, भाषा विज्ञान विभाग, उत्तर पूर्वी पहाड़ी विश्वविद्यालय शिलांग, मेघालय ने व्याख्यान दिया। आपने भारत के स्वदेशी ज्ञान परंपरा और पुनरुत्थान की बात कही आर्थिक ही नहीं, बौद्धिक स्तर के बारे में भी अपने चर्चा की। उन्होंने पांच क्रांतियां के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही पाणिनि के अष्टाध्याई, विलसन जॉन्स, फर्नांडिस, गांधीजी, शिवाजी आदि महान विभूतियों पर अपने विचार व्यक्त किये।

**उद्घाटन और समापन सत्रों के अलावा तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए**

द्वितीय वक्ता प्रोफेसर वरप्रसाद कोल्ला निदेशक एवं प्रोफेसर एमिटी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी रायपुर छत्तीसगढ़ ने आभासी वक्तव्य में प्राचीन ज्ञान परंपरा से समकालीन वैज्ञानिक शिक्षा तक की यात्रा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं को सबसे अधिक संघर्षों को झेलना पड़ा। फिर भी भाषा ने अखंड भारत को जोड़ने का काम किया है भारतीय भाषा में विज्ञान की यात्रा समृद्ध और वही आयामी इतिहास को दर्शाती है। यह यात्रा प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों से शुरू होकर औपनिवेशिक काल, स्वतंत्रता पश्चात और आज की नीतियों व डिजिटल तकनीक तक फैली हुई है। परंपरा और आधुनिकता का समन्वय कर भारतीय भाषा भविष्य में भी वैज्ञानिक ज्ञान की सशक्त वाहिका बन सकती है। प्रथम तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. रीना अध्वर्यु और डॉ पी एस परमार द्वारा आभार व्यक्त किया।

द्वितीय तकनीकी सत्र में प्रोफेसर दुर्गा प्रसाद गुप्ता, हिंदी विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, केंद्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने प्राचीन साहित्यकारों के साहित्य पर प्रकाश डाला वैदिक, बौद्धिक, जैन आदि साहित्य की चर्चा करते हुए आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल, आधुनिक काल पर अपने विचार व्यक्त किए। आपने कबीर, तुलसी आदि के बारे में बताया। आपने कहा तुलसी की रामचरितमानस की भूमिका जायसी के पद्मावत साहित्य में मिलती है। आपने कहा कि हिंदी भाषा 150 साल से अधिक पुरानी है। यानी भारतेंदु काल से हम इसकी विकास यात्रा मान सकते हैं। भाषा पर ऑडिट होना चाहिए भाषा के क्षेत्र में नए-नए सृजन की आवश्यकता है।

प्रोफेसर उमाशंकर पांडे, इतिहास विभाग के अध्यक्ष विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्तियां प्रस्तुत की। साथ ही निज भाषा उन्नति के माध्यम से भाषा पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने डाइवर्सिटी और यूनिटी की बात बताई। वेद, दार्शनिक वैदिक उपनिषद, रामायण, महाभारत आदि के साथ ही तमिल साहित्य के बारे में चर्चा की और कहा कि भारत की एकता को बनाए रखने के लिए तीज त्यौहार की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इस तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. नलिनी तिलकर, विभाग अध्यक्ष, संस्कृत द्वारा किया गया और आभार डॉक्टर सीमा वाला आवश्यक द्वारा माना गया।

तृतीय तकनीकी सत्र प्रोफेसर अवधेश कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हिंदी साहित्य विभाग, डीन, विद्यार्थी कल्याण एवं साहित्य विश्वविद्यालय वैदिक साहित्य में मानव कल्याण की भावना होती है। आपने दो आंदोलन के बारे में बताया। पहले भक्ति आंदोलन, जिसमें ब्रह्म समाज, आर्य समाज और ऐसे अन्य समाजों के बारे में चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर स्वाधीनता आंदोलन जिसमें गांधी वल्लभाचार्य आदि पर अपने विचार व्यक्त किया सभी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान का भाव और गौरव का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आईआईटी में भारतीय भाषा को अपनाया जा रहा है। आपने रामचरितमानस पर प्रकाश डालते हुए कहा परहित सरिस धर्म नहीं भाई अर्थात दूसरों के हित में काम करना ही परम धर्म है। कर्म ही धर्म है। प्रोफेसर शैलेंद्र मोहन, निदेशक सीआईआई ने भी भारतीय भाषा परिवार पर अपने विचार व्यक्त किए।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्र मनाएंगे एल्यूमनी दिवस

# 1996 से 2025 तक के छात्र 28 दिसंबर को देश-विदेश से उज्जैन आएंगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों की संस्था एल्युमनी एसोसिएशन की 7वीं वर्षगांठ पर पूर्व छात्रों द्वारा महाविद्यालय में एकत्रित होकर एल्युमनी दिवस (गेस्युवाईट दिवस) मनाया जायेगा।

उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों के एसोसिएशन के आव्हान पर कॉलेज की प्रथम बैच 1996 से लगाकर 2025 तक उपाधि प्राप्त पूर्व छात्र 28 दिसंबर को एसोसिएशन की 7वीं वर्षगांठ पर कॉलेज परिसर में देश-विदेश से एकत्रित होकर कॉलेज के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों से चर्चा कर कॉलेज के विकास एवं अध्ययनरत छात्रों के केरियर को उज्वल बनाने के लिए बैठक करेंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं प्रोफेसरों का अभिनंदन व सम्मान किया जायेगा। महाविद्यालय के गौरव पूर्व छात्र पी.एस. पाटनकर एवं दीपक शर्मा जिन्हें भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सम्मानीत किया गया है उनका सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। वर्ष 2025 की प्राविण्य सूची में प्रथम रहे संकायों के छात्र व छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानीत किया जायेगा।




एसोसिएशन द्वारा कॉलेज प्रशासन से चर्चा कर प्रथम वर्ष की अभावग्रस्त छात्राओं को आवश्यकतानुसार सहयोग राशि प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर आयोजित एसोसिएशन की अष्टम वार्षिक साधारण सभा में एसोसिएशन द्वारा किये गये कार्यों एवं आय-व्यय का ब्योरा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। इस आयोजन में 100 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लेने की स्वीकृति प्रदान कर पंजीयन कराया है।

प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर ने पूर्व छात्रों से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अनुरोध पत्र जारी किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल भूतड़ा, वरिष्ठ सदस्य हेमराज राठौर, आदित्य नारायण व्यास, मिलिंद हिंगोले, मदनमोहन सिंघल, दिनेया दाहिमा, शोभा खन्ना, प्रभुलाल टटवाल, प्रवीण वशिष्ठ, अशोक शर्मा, राजेश चौरसी व अन्य पदाधिकारियों ने सभी पूर्व छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### पश्चिमी रेलवे में जे.सी. क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी चुनाव में अर्पित जैन की जीत, उज्जैन को मिला डायरेक्टर पद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे कार्यालय परिसर में जे.सी. क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव की मतगणना बुधवार को रेलवे ऑफिसर क्लब में की गई। देर शाम आए परिणाम में अर्पित जैन ने बहुमत प्राप्त कर डायरेक्टर पद पर विजय हासिल की। वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन उज्जैन शाखा अध्यक्ष सागर उदगीर ने बताया कि अर्पित जैन की जीत के बाद वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन रतलाम मंडल द्वारा चल समारोह निकालकर खुशी मनाई गई। नव-निर्वाचित डायरेक्टर अर्पित जैन ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी की सेवा में निरंतर कार्य करेंगे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों ब्याज दर में कमी, सिक्योरिटी समाप्त करना तथा एटीएम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर शीघ्र कार्य किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष हैदेश पांडे एवं मंडल मंत्री मनोहर बारठ की मौजूदगी में चुनाव एवं मतगणना संपन्न हुई। इस मौके पर वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन उज्जैन शाखा के प्रवीण जोशी, अनिल चौबे, सुनील अंजने, किरण शेख, नेहा बामलिया, संदीप नागर, दिलीप सुरावत, सुरेश शर्मा, राजकुमार साहनी, मंजू साहू, रेखा पाल, प्रवीण मेहता, देवेंद्र राय, महिला शक्ति, युवा संगठन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरु पूजन के साथ 251 वैदिक बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री नरसिंहानंद वैदिक गुरुकुल सेवा समिति द्वारा संचालित महामृत्युंजय वेद विद्यालय, उज्जैन में गुरु पूजन के साथ 251 ब्राह्मण वैदिक बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक विधि-विधान से भव्य रूप से संपन्न हुआ। गुरुकुल में यह आयोजन विगत पाँच वर्षों से निरंतर परंपरागत रूप से किया जा रहा है, जिसमें सोलह संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण संस्कार उपनयन सामूहिक रूप से संपन्न कराया जाता है।



वेदाचार्य पंडित रामलखन शर्मा ने उपनयन संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उपनयन का अर्थ है, बालक को ज्ञान के पथ पर अग्रसर करना। यज्ञोपवीत धारण करने से बालक को यज्ञ, हवन, वेदाध्ययन एवं गायत्री मंत्र जाप का अधिकार प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार जनेऊ धारण करने से पूर्व जन्मों के पापों का नाश होता है तथा जीवन में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। उन्होंने बताया कि उपनयन संस्कार बालक के जीवन में अनुशासन, संयम, सदाचार एवं ब्रह्मचर्य भाव को जागृत करता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्राह्मण बालक का उपनयन संस्कार 8वें अथवा 11वें वर्ष में किया जाना श्रेष्ठ माना गया है। इस अवसर पर गुरुकुल के संरक्षक महामंडलेश्वर श्री रामकृष्णानंद गिरि जी महाराज, महंत श्री दयानंद गिरि जी महाराज, गुरुकुल संचालक पवन शर्मा सहित आचार्य नितेश तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, अजय उपाध्याय, अभिषेक वैष्णव, कांता गुरु, ललित शर्मा, तेजू बाबा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अतिथियों ने वैदिक परंपरा के संरक्षण एवं संस्कारों के प्रचार-प्रसार हेतु गुरुकुल के प्रयासों की सराहना की। महामृत्युंजय वेद विद्यालय में हुआ तुलसी पूजन उज्जैन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महामंडलेश्वर स्वामी श्री रामकृष्णानंद गिरि जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री नरसिंहानंद वैदिक गुरुकुल सेवा समिति द्वारा संचालित महामृत्युंजय वेद विद्यालय में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 वैदिक बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत तुलसी पूजन कर इसके धार्मिक एवं औषधीय महत्व को जाना। महामंडलेश्वर श्री रामकृष्णानंद गिरि जी महाराज ने बटुकों को संबोधित करते हुए बताया कि सनातन धर्म में तुलसी का विशेष महत्व है। तुलसी न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से पूजनीय है, बल्कि इसके औषधीय गुण मानव जीवन के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

## खबर एक नजर...

### तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर पौधे का किया वितरण



**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित टावर पर आसाराम बापू के आश्रम की महिला मंडल एवं सेवा संघ संस्था द्वारा तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी पूजन कर उपस्थित लोगों को तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। आश्रम के संचालक शिवाजी भाई एवं युवा सेवा संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि आसाराम जी बापू का संदेश है कि 25 दिसंबर को तुलसी दिवस मनाकर प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में तुलसी का पौधा लगाए और उसका नियमित पूजन करे। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए संस्था द्वारा आमजन को तुलसी के पौधे वितरित किए गए तथा सभी से अपने घरों में तुलसी लगाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम की महिलाओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तेजी से नशे की ओर बढ़ रहा है। नशे की प्रवृत्ति को रोकने और सकारात्मक वातावरण बनाने के उद्देश्य से महिलाएं आगे आकर घर-घर तुलसी के पौधे वितरित कर रही हैं और लोगों को इसके लाभों के बारे में जागरूक कर रही हैं। महिलाओं ने बताया कि तुलसी का पौधा धार्मिक, स्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है। घर में तुलसी का पौधा लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा अनेक प्रकार के स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होते हैं। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष शोभा नागवंशी, जय राम आर्य, शरद शर्मा, शालिग्राम परमार, आकाश सिंह ठाकुर, दीक्षांत कावलकर, तनुजा खयानी, आशा मल्होत्रा, विद्या मीणा, आशा राठौर, अंकिता राज, उपमा भार्गव, निराली भार्गव आदि बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# महापुरुषो का जीवन हमें प्रेरणा देता है- शिक्षाविद कमर अली

### अपंग आश्रम में आश्रम वासीयो को दूध ब्रेड फल का वितरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




ईश्वर दूत हजरत ईसा अले सलाम की योमे पैदाइश, गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान दिवस, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अपंग आश्रम में आश्रम वासीयो को दूध ब्रेड फल का वितरण किया गया।

अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद कमर अली ने अपने संबोधन में कहा महापुरुषों का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्तोत्र है। सोसाइटी द्वारा सभी धर्म के महापुरुषों का स्मरण करना एक सराहनीय कार्य है। विशेष अतिथि मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने अपने संबोधन में कहा महाराजा दशरथ ने केकई को वचन दिया था, श्री राम ने कोई वचन नहीं दिया था लेकिन पिता के वचन लिए पूरा राज पाठ छोड़ने वाले श्री राम के आदर्शों से हमें प्रेरणा लेना चाहिए। डॉ. शकील अंसारी ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादो का स्मरण करते हुए कहा गुरु गोविंद सिंह के साहबजादो ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। समाजसेवी इरफान राइन ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का स्मरण करते हुए कहा पंडित मदन मोहन मालवीय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं पाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश वर्मा ने की।

## सिंहस्थ क्षेत्र की लैंड पूलिंग योजना समाप्त होने पर आज होगा किसान सम्मेलन

### भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र आज आएंगे उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के लंबे आंदोलन के कारण म.प्र. सरकार ने उज्जैन में बाबा महाकाल की नगरी से ह्लसम्पूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र की लैंड पूलिंग योजना 8,9,10,11 विकास योजना पूर्ण रूप से समाप्त कर दी गई। इस उपलक्ष्य में किसान सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन आज 26 दिसंबर को उज्जैन में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश कुलकर्णी अ.भा. संघठन मंत्री नई दिल्ली, मोहिनी मोहन मिश्र अ.भा. महामंत्री नई दिल्ली तथा प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना मौजूर रहेंगे तथा किसानों को संबोधित करेंगे। आशीर्वाद गार्डन, अंकपात मार्ग इंदिरा नगर में आज गुरूवार सुबह 9 बजे से खाटू श्याम के भजन होंगे तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से किसान सम्मेलन व सम्मान समारोह प्रारंभ होगा। समारोह में दिनेश कुलकर्णी व मोहिनी मोहन मिश्रा का सम्मान किया जाएगा। प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस ने बताया कि प्रदेश शासन ने 17 नवम्बर को भोपाल में बैठक बुलाकर लेड पुलिंग समाप्त करने की घोषणा की थी लेकिन कोई भी लिखित में आदेश नहीं आया था।

# सेवा बस्तियों में गर्म वस्त्र वितरण कर मनाई अटलजी की जयंती

### जरूरतमंद बच्चों को कॉपी-पेन के साथ भेंट की उपहार सामग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी की जयंती के पावन अवसर पर संस्था सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सेवा एवं सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष सुनील बारोड ने बताया कि सामाजिक सरोकार की भावना के साथ ग्राम सदावल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार शाला में सेवा बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र, कॉपी-पेन एवं उपहार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना तथा उन्हें शिक्षा और संस्कारों के प्रति प्रेरित करना रहा। संस्था के पदाधिकारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, मानवता एवं सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर संस्था भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करती रहेगी।

# संगीत संध्या में जरूरतमंद लोगों को वितरित किये स्वेटर




### मोहम्मद रफी के गीतों से दी फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनेस्टी म्यूजिकल एकेडमी द्वारा मोहम्मद रफी के जन्मदिन के अवसर कालिदास अकादमी में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें एकेडमी के सिंगरों द्वारा मोहम्मद रफी के अभिनेता धर्मेंद्र के लिए गाए हुए गीतों को गाकर दिवंगत फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी गई।

संस्था प्रमुख हरपाल सिंह चावला ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. सतविंदर कौर सलूजा वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक, यू.एस. छाबड़ा अध्यक्ष उज्जैन सिटी ट्रेड कौंसिल एवं डायरेक्टर अध्यक्ष उज्जैन बैंक कर्मचारी क्रेडिट सोसाइटी, शैलेन्द्र चित्तौड़ा ब्रांच मैनेजर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक,चरणजीत सिंह कालरा गुरुद्वारा सुखसागर फ्रीगंज, विशाल खटीक जिला अध्यक्ष क्षत्रिय मालवा खटीक सेना, समाजसेवी कन्हैयालाल घाटिया आदि मौजूद रहे। ऑनेस्टी म्यूजिकल एकेडमी के सिंगर्स राजेश पलोड़, प्रकाश वर्मा, डॉ. पिंकेश डफरिया, ललित भावसार, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, पार्थ दुबे, अरशद मीर, अंशिता कानूनगो, करुणा भावसार, पूनम नामदेव, प्रियंका दुबे, चित्रा परिहार, तेजस्वी महाजन आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। संस्था द्वारा बेस्ट सिंगर ऑफ द डे का खिताब अरुण पाटीदार को दिया गया। पार्थ दुबे और तेजस्वी महाजन दोनों छोटे बच्चों के जबरदस्त गायन की दर्शकों द्वारा खूब सराहना की गई। संस्था द्वारा इन दोनों बच्चों को भी विशेष नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एंकरिंग हिमालय निगम ने की।

### नव-नियुक्त युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का किया अभिनंदन

**उज्जैन।** पंथपिपलाई में युवा कांग्रेस द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर आमजन के मूलभूत मुद्दों को लेकर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नव-नियुक्त युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का आगमन हुआ।कार्यक्रम के संयोजक उज्जैन दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगमन के दौरान उज्जैन दक्षिण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पंथपिपलाई में अभिनंदन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने किसानों की समस्याओं, जनहित के मुद्दों पर खुलकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं से मुंह मोड़े बैठी है और युवक कांग्रेस आमजन की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाने का कार्य करेगी।

# फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर शहर काजी से रंगदारी मांगी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शहर काजी के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और रंगदारी मांगने के मामले में बड़नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुए प्लॉट पर कब्जा करने की धमकी दी थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) अभिषेक रंजन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़नगर महेंद्र परमार ने बताया कि शहजाद खां पिता कल्लू खां, उम्र 35 वर्ष, निवासी काजीपुरा बड़नगर द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि बड़नगर के कसाई मोहल्ले का निवासी सलमान पिता शकुर खां उसके घर आया और जबरन प्लॉट को अपना बताते हुए 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगा।

शहजाद द्वारा विरोध करने पर आरोपी सलमान ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि पैसे नहीं देने पर वह प्लॉट से कब्जा नहीं हटाएगा। इसके साथ ही आरोपी द्वारा शहर काजी के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट भी की गई, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई।

### आरोपी पर पूर्व में अपराध पंजीबद्ध पाए गए

शहजाद की रिपोर्ट पर थाना बड़नगर में अपराध पंजीबद्ध कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) अभिषेक रंजन एवं एसडीओपी बड़नगर महेंद्र परमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़नगर निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार के नेतृत्व में विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपी सलमान पिता शकूर खां, उम्र 29 वर्ष, निवासी कसाई चौक, बड़नगर को बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी सलमान पूर्व से ही आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके विरुद्ध पहले भी थाना स्तर पर अपराध पंजीबद्ध पाए गए हैं। वर्ष 2014 में भी आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। वर्तमान में भी आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## खबर एक नजर...

### हॉकी खिलाड़ी खुशबू सिसोदिया खेल अधिकारी बनी

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए खेल अधिकारी के पद के लिए हाल ही में मंदसौर की खुशबू सिसोदिया का चयन किया गया। हॉकी मंदसौर के सचिव अविनाश उपाध्याय व अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि खुशबू की हॉकी की शुरूआत कक्षा 6टी से हुई जब यह केंद्रीय विद्यालय में अध्यनरत थी। खुशबू मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर की नियमित सदस्य रही और यहीं से राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया बाद में ग्वालियर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई फिजिकल कॉलेज से मास्टर डिग्री व पीएचडी करी व अब इनका चयन उच्च शिक्षा में खेल अधिकारी के रूप में हुआ खुशबू के पिताजी का नाम नरेंद्र सिंह सिसोदिया जो की बैंक मैनेजर के पद से रिटायर हुए हैं। उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा आदि ने बधाई दी है।

### वैभव साहू का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

**नीमच।** जिले से राष्ट्रीय सेवा योजना के होनहार स्वयंसेवक वैभव साहू पिता श्री दशरथ साहू कक्षा बी.एस.सी द्वितीय वर्ष शासकीय महाविद्यालय जीरन का चयन जयपुर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में दिनांक 25 से 31 दिसम्बर तक के लिए हुआ है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री रितेश कुमार चौहान ने बताया कि महाविद्यालय परिवार के लिए यह हर्ष का विषय है की सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन से 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिसमें नीमच जिले से शासकीय महाविद्यालय जीरन के होनहार स्वयं सेवक वैभव साहू प्रतिनिधित्व करेंगे। वह राष्ट्रीय एकता शिविर में अपनी भागीदारी कर विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों से रूबरू होंगे और आपसी सदभाव परंपरा से परिचित होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक प्रो. आशीष कुमार सोनी ने हर्ष व्यक्त कर बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं और शिक्षण संस्थान स्तर तथा जिले में सेवा कार्य करने के साथ ही देश के कई राज्यों में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### बुजुर्ग महिला को मिला 10 साल पुराना न्याय

**नीमच।** प्रशासन गांव की ओर विशेष अभियान के तहत नीमच जिले के केलुखेड़ा गांव में बुजुर्ग महिला सोहन बाई मेघवाल को 10 वर्ष पुराने जमीन विवाद में न्याय मिला। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर उन्हें कब्जा दिलवाया, जिससे महिला के चेहरे पर लंबे इंतजार के बाद मुस्कान लौट आई।केलुखेड़ा निवासी सोहन बाई मेघवाल ने लगभग 10 वर्ष पूर्व गांव के ही ऋषिराज मेघवाल से जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री सहित सभी वैध दस्तावेज उनके पास होने के बावजूद दबंग व्यक्ति द्वारा लगातार कब्जा नहीं सौंपा गया। इससे वे लंबे समय से न्याय के लिए भटक रही थीं।

# हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विहिप का उग्र प्रदर्शन, पुतला फूँककर जताया आक्रोश



ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे निरंतर अत्याचारों के विरोध में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने नीमच के फोर जीरो भारत माता चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए बांग्लादेश का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार से इस मामले में ठोस हस्तक्षेप की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान विहिप कार्यकर्ता भारी आक्रोश में नजर आए। हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो और कट्टरपंथ मुदार्बाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ पूरा चौराहा गूंज उठा। कार्यकताओं ने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जो न केवल मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। केंद्र सरकार से कूटनीतिक हस्तक्षेप की मांग विहिप पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाया जाए ताकि वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई के लिए पहल की जाए। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। पुतला दहन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण पाटीदार, विभाग गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मण राठौर, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गर्ग, जिला मंत्री कैलाश मालवीय, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिनेश शर्मा, जिला सेवा प्रमुख संजय चौरसिया, जिला धर्म प्रसार प्रमुख विनोद जायसवार, जिला सह गोरक्षा प्रमुख सूरज ग्वाला, जिला बलो उपासना प्रमुख दिलीप ग्वाला, जिला पूजा अर्चक प्रमुख प. राम अवतार शर्मा, प्रखंड संयोजक पवन जायसवार, प्रखंड मंत्री नितिन बागड़ी उपस्थित थे।

### कार ने तेज गति से बाइक सवार को मारी टक्कर से युवक घायल

नीमच। शहर में बुधवार की शाम को किलेश्वर मंदिर जाने वाले मार्ग पर एक ऐसा सड़क हादसा सा हुआ जिसमें अंधी रफ्तार से आ रहे कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक को पैर सहित सिर में चोटें लगी है। घायल युवक को 112 द्वारा जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के नीमच के रमन पिता प्रभुलाल पटेल उम्र 36 वर्ष बाइक से अपने गांव धनेरिया कला जा रहा था । तभी किलेश्वर मंदिर रोड पर अवैध रूप से लगी गुमटियों के सामने होंडा की आई 20 कार चालक ने तेज गति से स्टेशन की ओर आते समय वहां बाइक सवार रमन पटेल को टक्कर मार दी। जो टक्कर से घायल हो गया। वही घटनास्थल पर भीड इकट्ठा हो गई। इस बीच अचानक अनियंत्रित गति से आये कार चालक ने तेजगति से वाहन वाहन चलाते हुए बाइक चालक रमन पटेल पिता प्रभुलाल अहीर निवासी धनेरिया कला को तेजगति से टक्कर मार दी।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल ने पिपलिया मंडी में मनाया अटल जी का जन्मदिन



ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

पंडित श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती शताब्दी के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान के मार्ग दर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलराम सोलंकी के निवास स्थान पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत पूर्व उपाध्यक्ष राजू जाट पूर्व मंत्री भेरू धनगर पूर्व नगर अध्यक्ष राजू पंडित नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा पार्षद ललित कसेरा विधायक प्रति निधि लोकेश कराड़ा युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक गुर्जर प्रकाश जी पोरवाल आशीष धनोतिया पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष कमल देवड़ा मंडल मंत्री किशोर देवड़ा अजय देवड़ा मन्नालाल राठौर मनोहर शर्मा देवेंद्र सोलंकी महेश प्रजापत पिछड़ा मंडल महामंत्री मुकेश सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रतलाम में सम्पन्न होगा अभाविप का तीन दिवसीय 58वाँ अधिवेशन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत का 58 वाँ प्रांत अधिवेशन स्थापना काल के बाद पहली बार आगामी 28-30 दिसंबर को रतलाम के रूद्र पैलेस में आयोजित होगा। पूरे नगर को लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर बसाया है, जिस सभागार में तीन दिवसीय अधिवेशन चलने वाला है। उस सभागार का नाम अभाविप के शिल्पकार प्रा यशवंत राव केलकर के नाम पर रखा गया। 58वें प्रांत अधिवेशन में संगठनतामक 22 जिलों के विभिन्न महविद्यालयों से लगभग 550 से अधिक प्रतिनिधि जिसमें विद्यार्थियों सहित शिक्षक, शिक्षाविद, सम्मिलित होंगे।

अधिवेशन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं विशेष उपस्तिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहेंगे, यह उद्घाटन समारोह 28 दिसंबर को दोपहर 3 बजे रहेगा।

इस अधिवेशन में विभिन्न सत्रों में सामाजिक, शैक्षिक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव लाए जाएंगे, अधिवेशन में शिक्षा क्रि भारतीय संकल्पना और वर्तमान परिदृश्य एवं वन्देमातरम राष्ट्रभक्ति की अमर पुकार विषयों पर भाषण होगा, समानंनतर सत्र के माध्यम से वर्तमान समय में चल रहे विभिन्न विषय द्य ष्टद्धड्डह्ल त्रक्कञ्, भारत का स्वबोध, संविधान परिचय जैसे अन्य विषय पर सत्र आयोजित होंगे।

अभाविप मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने बताया कि यह 58वाँ प्रांत अधिवेशन ऐतिहासिक होने वाला है, प्रदर्शनी का नाम जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन खपाने वाले मामा बालेश्वर दयाल प्रदर्शनी मंडप के नाम पर रखा गया जिसमें अभाविप के वर्ष भर संगठनात्मक, कार्यक्रमात्मक विभिन्न आयाम गतिविधि कार्य के साथ, प्रा. यशवंत राव केलकर, भगवान बिरसा मुंडा, संविधान लेखन, संघ शताब्दी वर्ष, वन्देमातरम के 150 वर्ष, रतलाम की ऐतिहासिक धरोहर एवं रतलाम रेलवे के 100 वर्ष जैसे विषयों को लेकर प्रदर्शनी व चित्र लगाए जाएंगे। प्रदर्शनी उद्घाटन 27 दिसंबर को शाम 5 बजे रहेगा।

इस अधिवेशन में 11 सत्र रहेंगे, साथ ही 29 दिसंबर को समस्त छात्र शक्ति के साथ नगर में शोभा यात्रा कला विज्ञान महाविधालय से प्रारंभ होकर धान मंडी तक निकलेगी जिसके पश्चात खुले मंच से विभिन्न शैक्षणिक सामाजिक मुद्दों पर छात्र प्रतिनधियों द्वारा भाषण दिया जाएगा।

### प्रतिबंधित मांझा डोर के 19 गट्टे जब्त

**मन्दसौर।** स्थानीय इन्द्रानगर स्थित गली नं. 2 शिव मंदिर के पास से पुलिस ने एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा डोर के 19 गट्टे कीमती 9 हजार 500 रुपये जप्त किये। पुलिस ने आरोपी वरदान देवड़ा निवासी इन्द्रा कॉलोनी पद्मावती रिसोर्ट के पास मंदसौर पर जिला दंडाधिकरी के आदेश की अवहेलना करने पर आरोपी के विरूद्ध मंदसौर कोतवाली पर प्रकरण दर्ज किया।

### सालाना उर्स एवं भण्डारा 1 जनवरी को मनाया जावेगा

**रतलाम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अजन्ता टॉकीज रोड़ स्थित हजरत झीन वाले बाबा का 40 वीं सालाना 2 रोजा उर्स एवं भण्डारा 31 दिसम्बर बुधवार से 1 जनवरी 2026, गुरूवार को शांति एवं सदभाव से मनाया जावेगा।

## नौकरी के नाम पर युवक से 8 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

मंदसौर पुलिस द्वारा नूह मेवात हरियाणा से आरोपी मोहम्मद इजहार को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगने के फर्जी दस्तावेज भेजकर 8 लाख रू. की धोखाधड़ी की गई। आरोपी द्वारा एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के लिए दिल्ली में प्रशिक्षण संस्था संचालित की जा रही थी प्राप्त जानकारी अनुसार 18 जून 2025 को थाना वायडी नगर पर आवेदक विक्की पिता ओमप्रकाश चौहान निवासी किटियानी मंदसौर द्वारा अनावेदक राहुल पिता राकेश जोशी निवासी रेहटगाव जिला हरदा के विरुद्ध ऑनलाईन एविएशन प्रशिक्षण करवाने तथा इंडिगो एयरवेज में नौकरी लगने के फर्जी दस्तावेज भेजने तथा धोखाधडी कर लगभग 8 लाख ठगने का आवेदन प्रस्तुत किया। विवेचना के दौरान इंडिगो एयरलाइन्स से जानकारी प्राप्त करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी राहुल जोशी द्वारा तीन अलग-अलग छात्रों से एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने का कहकर उनको ऑनलाईन प्रशिक्षण करवाया तथा इंडिगो एयरवेज में नौकरी के फर्जी दस्तावेज छात्रों की ई-मेल पर भेजकर उनसे करीब 8 लाख रूपयों की धोखाधड़ी कर प्राधिकृत दस्तावेजों की कूटरचना की गई है। आरोपी राहुल जोशी 15 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया, आरोपी ने बताया कि उसकी दोस्ती मुरादबास नूह हरियाणा के रहने वाले मोहम्मद इजहार पिता असर खान से हुई थी जो दिल्ली में एविएशन प्रशिक्षण संस्था चलाता था और एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर छात्रों से रुपए लेकर धोखाधडी करता था आरोपी राहुल जोशी ने मोहम्मद इजहार के साथ मिलकर षड़यंत्र रचकर उसके परिचित तीन छात्रों से प्राप्त रूपयों में से कमीशन काटकर सीधे मोहम्मद इजहार हरियाणा को दिये है।

## सांसद खेल महोत्सव से गांव-गांव में खेल भावना जागृत हुई- सांसद गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिले के समस्त स्कूलों, संकुलों एवं विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित खेल गतिविधियों का समापन समारोह उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच से जनप्रतिनिधियों द्वारा मध्यप्रदेश संदेश पुस्तक का विमोचन किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश प्रदेश की उपलब्धियों एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है। समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव उद्बोधन का प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने देखा एवं सुना। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव से गांव-गांव में खेल की भावना जागृत हुई है। वर्ष 2023 में आयोजित महोत्सव की तुलना में वर्ष 2025 में आयोजित गतिविधियों ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता रही, बालिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिले के कई खिलाड़ी देश-विदेश में खेलकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन

**खरगोन।** बांग्लादेश में आए दिन कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के ऊपर अत्याचार किए जा रहे हैं और वहां की युनुस सरकार मुक दर्शक बनकर तमाशा देख रही है भारत देश में हिंदू विदेशी कहीं जाने वाली सरकार केवल जुबानी जमा खर्च कर रही है। बांग्लादेश और वहां के कट्टरपंथियों पर किसी भी प्रकार से कोई एक्शन लेने से बच रही है ऐसे में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की याद आती है कि उन्होंने पाकिस्तान की से हरकतों के चलते उसके दो टुकड़े कर बांग्लादेश बना दिया था यह समझ से परे हैं की मोदी सरकार क्यों एक्शन नहीं ले रही है उक्त बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन करते हुए स्थानीय जय स्तंभ तिराहे पर कही ।इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजुद रहे।

### पांधार एरिया में नानी बाई रो मायरा पाठ व जम्मा जागरण आयोजन 27 से

**नेपानगर।** नगर के पांधार स्थित गणेश मंदिर के पास 27 दिसंबर रात 8 बजे जम्मा जागरण व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 24 से 26 दिसंबर तक शाम 7 से रात 10 बजे तक सिवनी मालवा के कथा वाचक पंडित राकेश दीक्षित द्वारा नानी बाई रो मायरा का पाठ किया जाएगा। द्वारकाधीश रामदेवजी भक्त मंडल ने भक्तों से शामिल होने का आग्रह किया है। विशाल जम्मा जागरण भजन संध्या में अतिथि के बतौर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादूए भाजपा नेता गजेंद्र पाटील सहित अन्य शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। काफी समय बाद नगर में इस तरह का आयोजन होने जा रहा है जिससे आयोजन समिति में भी खासा उत्साह देखा गया। यह आयोजन पीतांबर पाटिल, रामचंद्र पाटिल, अनिल महाजन, धनराज पाटिल, योगेश पाटिल और युवराज पाटिल द्वारा किया जा रहा है। इसे लेकर गांवों में पहुंचकर प्रचार किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### जागृत हिंदू मंच, 30 व 31 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन आयोजित करेगा

**बड़वानी।** आगामी । 30 व 31 दिसंबर को 3 बिंदुओं को लेकर धरना कार्यक्रम आयोजित करना है जिसमे धार्मिक स्थल एवं मस्जिदों से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के खुलेआम उपयोग पर प्रतिबंध का उल्लंघन रोकने हेतु दिये गए ज्ञापन पर कार्यवाही ना होने। खुले मे अंडा, मांस और मछली की बिक्री पर शासन का प्रतिबंध होने के बावजूद खुलेआम विक्रय होने पर जागृत हिंदू मंच के द्वारा ज्ञापन देने के बाद भी कार्यवाही ना होने। बांगलादेश मे पुनः हिन्दुओं का उत्पीड़न प्रारम्भ होने के विरोध मे भारत शासन से सख्त कार्यवाही की मांग।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि की अर्पित

**जावरा ।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जनशताब्दी के अवसर पर विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने अपने उद्बोधन में पंडित वाजपेई के बताए हुए मार्ग पर चलने का भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आवाह्नन किया। इस अवसर पर खाचरोद रोड जीवदया सोसायटी पर गायों को हरा चारा खिलाने के पूर्व वाजपेयी की तस्वीर पर विधायक डॉ पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, भाजपा जावरा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री मनीष ऊंटवाल व अनिल धारीवाल सहित अन्य पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक जैन आंटियां नंदकिशोर सेनी, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी,प्रमोद रावल, अब्बास बोहरा, मोहम्मद शरीफ कुरैशी चंद्र प्रकाश सोलंकी, महेंद्र चौहान दशरथ कसानिया व सुभाष जैन आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन विशाल भण्डारे के साथ हुआ, भक्तों ने ली प्रसादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

जंगल मे स्थित पाडल्या झिरीवाले हनुमान जी मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का समापन बुधवार को विशाल भण्डारे के साथ हुआ। कथा के नवम दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अपार जनसमुदाय के बीच प्रसिद्ध कथावाचक पण्डित बालकृष्ण नागर खेड़ा पीपलोदी रतलाम ने व्यासपीठ से आह्वान करते हुए कहा कि हमें सदैव सत्य की राह पर चलना चाहिए। जिस प्रकार प्रभु श्री राम ने विकट परिस्थितियों में भी मयार्दा नहीं छोड़ी और अंततः असत्य पर सत्य की विजय हुई, ठीक वैसे ही हमारे जीवन में भी यही नियम लागू होता है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। समापन अवसर पर पूर्व विधायक मुकाम सिह किराड़े,प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल,ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार,माहेश्वरी समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने भी भागवत पुराण का पूजन कर कथा वाचक का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया साथ ही झिरिवाले मार्ग निर्माण की स्वीकृति करवाने की बात कही।



कथा समापन के दौरान जैसे ही प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता सीता की सजीव झांकी भक्तों के बीच पहुंची, पूरा पंडाल भक्ति के सागर में डूब गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर झांकी का स्वागत किया और पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।

गौरतलब है कि कथा के साथ-साथ पिछले 9 दिनों से मंदिर परिसर में एकादश मुखी हनुमान जी का विशेष 'पंच मेवा हवन' चल रहा था। समापन दिन पण्डित सुनील नागर के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन की पूणार्हुति संपन्न हुई। इसके पश्चात महाआरती ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता ने कतारबद्ध होकर महाप्रसादी ग्रहण की।

नौ दिनों तक ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने के बाद जब गुरुदेव की विदाई का समय आया तो समिति द्वारा उन्हें स-सम्मान विदाई दी गई। विदाई समय माहौल अत्यंत भावुक हो गया। गुरुदेव को विदा करते समय वहां मौजूद सभी भक्तों की आंखें नम हो गईं।

कथा के मुख्य यजमान कृष्णकान्त वरदीचन्द झंवर बाग एवं सह यजमान महादेव धनगर धुलसर व शेखर मुलेवा लोहारी दम्पति ने व्यास पीठ का पूजन कर गुरुजी का स्वागत किया। कथा के समापन अवसर पर श्री पाडल्या झिरीवाले हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा कथावाचक पण्डित बालकृष्ण नागर एवं सहयोगी जनों का सम्मान किया गया। सभी को परसराम गढ़वाल परिवार कापसी की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। संचालन सुरेश झंवर बाग व हीरालाल सिर्वी कापसी ने किया एवं आभार कृष्णकांत झंवर बाग ने माना।

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

**बाग।** गुरुवार को अम्बेडकर भवन में पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बाग मंडल के सभी बुथो पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा कार्यकर्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने कहां की पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सके। अटल जी को भारत माता का सच्चा सपूत बताया ।

## गांव की ओर अभियान से समस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निदेर्शानुसार बड़वानी में 19से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के अंतर्गत च्च प्रशासन गांव की ओर 2025 अभियान का भव्य आयोजन किया जा रहा है. जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी निदेर्शों के तहत इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जन-समस्याओं का त्वरित निराकरण करना, सुशासन प्रथाओं की पहचान करना और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार लाना है।

अभियान के दौरान विशेष शिविरों के माध्यम से जनता की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है और ऑनलाइन सेवा वितरण के लिए नई सेवाओं को भी जोड़ा जा रहा है, जिसकी प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन निर्धारित पोर्टल पर प्रस्तुत की जा रही है। विकासखंड राजपुर निवासी मनोज गोले द्वारा अपनी पुत्री के जाति प्रमाण पत्र हेतु की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा तत्काल प्रमाण पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार विकासखंड ठीकरी के ग्राम जरवाय निवासी श्री कालू सिंघे की जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधार संबंधी शिकायत जो तीन माह से लंबित थी, उसका भी योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया।

### जैविक हाट बाजार का शुभारंभ हुआ

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जैविक हाट बाजार का शुभारंभ हुआ। विधायक अर्चना चिटनिस ने फीता काटकर इस हाट बाजार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राकृतिक रूप से खेती करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया।

### पानसेमल की मदिरा दुकान बंद रहेगी

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने नगर परिषद पानसेमल के वार्ड नंबर 2 में 29 दिसम्बर को होने वाले स्थानीय निर्वाचन के मद्देनजर नगरीय निकाय की सीमा में स्थित मदिरा दुकान को बंद रखने हेतु आदेशित किया है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पानसेमल की कम्पोजिट मदिरा दुकान ए एवं बी 27 दिसंबर की सायं 5 बजे से 29 दिसंबर को मतदान समाप्ति तक बंद रखने के आदेश दिये है।

## उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा अर्जुन पैलेस भवन में कार्यशाला का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग जिला बडवानी के द्वारा अर्जुन पैलेस भवन बडवानी में कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें सर्वप्रथम खाद्य विभाग से श्री भारत सिंह जमरे जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा राष्ट्रिय उपभोक्ता दिवस के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया की हर व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिए सामग्री क्रय करता है वो उपभोक्ता है उक्त आयोजन उपभोक्ता की जागरूकता के लिए आयोजन किये जाते है जानकारी दी गई साथ ही सार्वजानिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई ।

खाद्य सुरक्षा विभाग से श्री पंकज आँचल द्वारा वस्तुओ के द्वारा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, दूध, हल्दी एवं लाल मिर्च में मिलावट को किस प्रकार से घर पर ही जाँचा जा सकता है एवं एक्सपाईरी डेट के संबंध में जानकारी दी गई।

नापतौल विभाग के श्री अम्बिकेस चौहान के द्वारा उपभोक्ताओं को पैक्ड सामग्री में पैकेट पर उपभोक्ता हेतु टोल फ्री नम्बर तथा पैकेट में पैक्ड मात्रा का प्रतिग्राम दाम अंकित होना आवश्यक होकर मिठाई खरीदी के दौरान डब्बे का वजन मिठाई के वजन में शामिल नही किया जाये इसकी जानकारी दी गई।

लीड बैंक विभाग से सुश्री दुर्गा खोटे के द्वारा अवगत कराया की ग्रामीणों को स्वरोजगार सर्जन हेतु निःशुल्क ट्रेनिंग 6 दिवस से 30 दिवस की दी जाती है , जिसमे कृषि क्षेत्र में मुगीर्पालन, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि तथा ब्यूटी पार्लर, सिलाई मशीन आदि की ट्रेनिंग दी जाती है ताकि व्यक्ति स्वयं का रोजगार प्रारम्भ कर सके प्रशिक्षण के बाद बैंक से लोन भी लिया जा सकता है ताकि रोजगार स्थापित हो सके।

अंत में श्री गुलाबचन्द्र गुप्ता सदस्य उपभोक्ता हितेषी मंच बडवानी के द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य बताये हुए उपभोक्ता जागरूक हो ताकि उपभोक्ता किसी भी असुविधा से बच सके उनके द्वारा बताया गया, खाद एवं बीज क्रय करते समय किसान जिनके नाम से जमीन है उसी नाम से बिल लेवे, पेट्रोल पम्पो में पेट्रोल डीजल प्रदाय हेतु पाईप पारदर्शी हो ताकि प्राप्त होने वाला ईधन स्पष्ट रूप से दिखे, इसी प्रकरण खाद्य सामग्री का सम्बंधित विभाग सही तरीके से गुणवत्ता की जाँच करते रहे ताकि खाद्य पदार्थो का उपभोक्ता के स्वास्थ्य पर प्रभाव न पड़े उपभोक्ता किसी भी स्कीम की लालच में ना आये ताकि ठगी से बचे रहे।

आयोजन में श्री गुलाबचन्द्र गुप्ता सदस्य उपभोक्ता हितेषी मंच बडवानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसमे श्री भोला मंडलोई एवं सुश्री लवीना सोलंकी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, गैस एजेंसी के कर्मचारी, सेल्समेन एवं बडी संख्या में ग्रामीण एवं नगरीय उपभोकता उपस्थित रहें ।

**नवग्रह मेले का भूमिपूजन किया-** खरगोन ।मेला 1 जनवरी से 22 फरवरी तक चलेगा। इस बार मेला अवधि एक सप्ताह बढाई गई है, जिससे व्यापारियों को राहत मिलेगी वही आमजन भी मेले का अधिक समय तक लुत्फ उठा सकेंगे। भूमिपूजन के साथ ही ले आउट प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नगर पालिका ने इस बार दुकानदारों को किराये में भी राहत दी है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मसीही सेवा मण्डल युनाईटेड चर्च ऑफ केनेडियन मिशन की सपत्ति भूमि सर्वे क्रमांक-3998/1/1, 3998/4 3997/1/1 कस्बा उज्जैन जो कि विश्वविद्यालय रोड, देवास रोड़ उज्जैन पर स्थित है। उक्त भूमि धार्मिक सस्था की होकर उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार करने का अधिकार मसीही सेवा मण्डल युनाईटेड चर्च ऑफ केनेडियन मिशन के माडरेटर रेव्ह बी आई सिंह को प्राप्त है। पूर्व में संस्था के सचिव पद पर सतीश जार्ज पिता सुबेदार जार्ज नियुक्त थे लेकिन सतीश जार्ज को दिनांक 08.11.2014 को कदाचरण के कारण सचिव पद से निष्काषित कर दिया गया है। लेकिन कतिपई व्यक्तियों द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में दस्तावेजों की कूटरचना कर संपत्ति को अवैधानिक रूप से विक्रय अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे मसीही सेवा मण्डल युनाईटेड चर्च ऑफ केनेडियन मिशन को क्षतिकारित होने की पूर्ण संभावना है। उका संपत्ति के संबंध में पूर्व में भी एक जाहिर सूचना दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में दिनांक 05.09.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है तथा पुनः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार ना करे। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार किया जाता है तो ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा तथा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की रहेगी। सूचितहो। दिनांक 25.12.2025

**आशीष सोलंकी, एडवोकेट**
**कार्यालयः -25, काला की चौकी**
**(मध्य प्रदेश, मोबाइल नंबर-98277-42301)**

# मेरी बॉडी अब किस शेप-साइज में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता

## न्यू मॉम कियारा आडवाणी बोलीं- वॉर-2 में अपना बिकिनी सीन देख परेशान हो गई थी

कियारा आडवाणी मां बनने के पांच महीने बाद काम पर लौट चुकी हैं। हाल ही में उन्हें वोग मैगजीन के लिए फोटोशूट किया और इंटरव्यू दिया है। एक्ट्रेस ने वोग मैगजीन को दिए इंटरव्यू में अपनी आखिरी रिलीज फिल्म वॉर-2 की बिकिनी सीन पर बात की है। इसके अलावा उन्हें मेंटल हेल्थ और भी अलग-अलग मुद्दों पर बात की।

इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि आजकल वो अपनी बेटी सरायाह की खिलखिलाहट देख अपनी सारी थकान भूल जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पलों और मदरहुड ने उनकी बॉडी के साथ उनके रिश्ते को बदल दिया है। मदरहुड की तुलना में एक-दो किलो वजन कम करना महत्वहीन लगता है, क्योंकि उसने ही उन्हें अपने शरीर का महत्व सिखाया है।

वॉर-2 की बिकिनी सीन पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने फिल्म में बिकिनी पहनने के लिए बहुत डिसिप्लिन के साथ ट्रेनिंग ली थी। लेकिन फिल्म तब रिलीज हुई जब उन्होंने अभी-अभी अपनी बेटी को जन्म दिया था और उनकी बॉडी बिल्कुल अलग दिख रही थी।

कियारा कहती हैं-'डिलीवरी के बाद मेरे मन में एक ख्याल आया कि मुझे वजन कम करना चाहिए।





मैंने यह पहले भी किया है। मैं इसे फिर से करूंगी। फिर मुझे एहसास हुआ कि यह सबसे खूबसूरत शरीर पाने के बारे में नहीं है। अब जब मैं अपनी बॉडी को देखती हूं तो सोचती हूं- वाह, तुमने एक बच्चे को जन्म दिया। इसकी कोई तुलना नहीं हो सकती है। अब, मेरा शेप या साइज चाहे जो भी हो, मैं हमेशा अपनी बॉडी की रिस्पेक्ट करूंगी। आपको अपनी बॉडी की क्षमताओं का सम्मान करना चाहिए।' बता दें कि कियारा ने फिल्म 'वॉर-2' के गाने 'आवन जावन' के लिए बिकिनी पहनी थी। कियारा का ये सीन सोशल मीडिया पर काफी वायरल रहा था। कियारा ने 15 जुलाई को बेटी को सरायाह को जन्म दिया था और उसके एक महीने बाद 14 अगस्त को उनकी फिल्म वॉर-2 रिलीज हुई थी। अब एक्ट्रेस जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' से वापसी करने वाली हैं। इसमें उनके साथ केजीएफ एक्टर यश लीड रोल में दिखेंगे।





ईद 2026 पर

## पांच भाषाओं में रिलीज होगी धुरंधर 2


### कहानी और एक्शन पहले से कहीं बड़े स्तर पर, विदेशी बाजारों में भी बड़ी डिमांड

हिंदी में रिलीज होकर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच चुकी 'धुरंधर' अब सीक्वल के साथ और धमाकेदार वापसी कर रही है। साउथ इंडिया में फिल्म को जबरदस्त प्यार मिला था, जिसके बाद मेकर्स ने 'धुरंधर 2' की आधिकारिक घोषणा कर दी।

यह फिल्म ईद 2026 पर 19 मार्च को रिलीज होगी। हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम- कुल पांच भाषाओं में एक साथ रिलीज होगी, जो इसे सच्ची पैन-इंडिया फिल्म बनाएगी। पहली फिल्म सिर्फ हिंदी में रिलीज हुई थी, लेकिन साउथ में सोशल मीडिया, वर्ड ऑफ माउथ और रिपीट व्यूअर्स की वजह से क्रेज बरपा था। वहां के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने डब वर्जन की मांग की थी। अब मेकर्स ने साउथ और विदेशी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए सभी भाषाओं में रिलीज का फैसला लिया है।

नेशनल अवॉर्ड विनर आदित्य धर निर्देशन कर रहे हैं। जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज प्रोडक्शन हैंडल कर रहे हैं। कहानी और एक्शन को पहले से कहीं बड़े स्तर पर दिखाया जाएगा।

फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार हो चुकी है। मेकर्स विदेशी बाजारों में भी रिलीज की प्लानिंग कर रहे हैं।




## अक्षय खन्ना ने पैसों की वजह से छोड़ी दृश्यम-3

### दावा-धुरंधर की सफलता के बाद एक्टर ने बढ़ाई फीस, अपने लुक में भी बदलाव चाहते थे

अक्षय खन्ना स्टारर फिल्म 'धुरंधर' इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। फिल्म ने 19 दिनों के अंदर वर्ल्डवाइड 900 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है।

अक्षय को उनके किरदार के लिए बहुत प्यार और तारीफ मिल रही है। लेकिन इस बीच खबर है कि एक्टर धुरंधर की सफलता के बाद 'दृश्यम-3' से अलग हो गए हैं। बॉलीवुड मशीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय ने सफल फ्रेंचाइजी फिल्म 'दृश्यम-3' से किनारा कर लिया है। एक्टर ने फिल्म के मेकर्स के साथ फाइनेंशियली और क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म से अलग होने का फैसला किया है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि धुरंधर की बड़ी सफलता के बाद अक्षय ने अपनी फीस और लुक में बदलाव की मांग की थी। लेकिन उनके मेकर्स उनके इस फैसले के फेवर में नहीं थे, जिसके कारण कथित तौर पर प्री-प्रोडक्शन डिस्कशन के दौरान दोनों के बीच मतभेद हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और मेकर्स के बीच बातचीत फंस गई और कोई भी पक्ष समझौता करने को तैयार नहीं था। इस वजह से अक्षय ने प्रोजेक्ट से हटने का फैसला किया। हालांकि अब तक अभिनेता या प्रोडक्शन टीम ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बता दें कि अक्षय की तरह ही धुरंधर के लीड हीरो रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बन रही डॉन-3 से किनारा कर लिया है। 23 दिसंबर को ऐसी खबरें आईं कि एक्टर ने ये फैसला धुरंधर की सफलता के बाद लिया है। पिंकविला ने सोर्स के हवाले से लिखा था कि रणवीर एक के बाद एक गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब धुरंधर पहले ही इस जोनर में अपनी पहचान बना चुकी है। वो अब संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्ममेकर्स के साथ काम करना चाहते हैं।

# ऋतिक रोशन ने बेटों और गर्लफ्रेंड के साथ डांस किया

## कजन की वेडिंग में इश्क तेरा तड़पावे पर थिरके सारे, फैंस बोले- विरासत में अच्छी चीजें मिलीं

ऋतिक रोशन के कजन ईशान रोशन 23 दिसंबर को शादी के बंधन में बंध गए। इस मौके पर एक्टर अपने दोनों बेटों रेहान और हदान रोशन के साथ मौजूद रहे।

इस दौरान उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी साथ नजर आईं। कजन के रिसेप्शन पार्टी में ऋतिक दोनों बेटों और गर्लफ्रेंड के साथ डांस फ्लोर पर धमाल मचाते दिखे।

रिसेप्शन फंक्शन के लिए ऋतिक ने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ था। वहीं, रेहान क्रीम कलर के कुर्ता-पजामा में नजर आए, जबकि हदान ने ब्लैक सूट में पिता से ट्विनिंग की थी।



सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में ऋतिक को रेहान, हदान और सबा के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। इन तीनों के साथ डांस फ्लोर पर उनकी भांजी सुरनिका सोनी और चचेरी बहन पश्मीना रोशन भी मौजूद हैं। उन्होंने साल 1999 में आया सिंगर सुखबीर का सुपरहिट गाना 'इश्क तेरा तड़पावे' पर डांस किया।

बच्चों के साथ ऋतिक का ये डांस उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो पर रिएक्शन देते हुए एक फैन ने लिखा-'ऋतिक रोशन के बच्चों को सभी अच्छी चीजें विरासत में मिली हैं।'

एक दूसरे फैन ने लिखा-'रोशन भाई सिर्फ नाचते ही नहीं, बल्कि स्टेज पर आग लगा देते हैं। ईशान की शादी में वो शोस्टॉपर रहे।' एक ने एक्स पर लिखा-'वाह, शानदार। ऋतिक का डांस देखना मंत्रमुग्ध कर देने वाला है।'

इससे पहले, वेडिंग में एक्टर ने अपने स्टाइलिश अंदाज से सबका ध्यान खींचा था। शादी में शामिल होने के लिए एक्टर ने ग्रे और वाइट कलर का ट्रेडिशनल कुर्ता-पजामा एम्ब्रॉयडरी जैकेट के साथ कैरी किया था।

उन्होंने वेन्यू पर इंतजार कर रहे फोटोग्राफर के लिए पोज दिए थे और हाथ जोड़ उनका अभिवादन भी किया था। बता दें इससे पहले मेहंदी सेरेमनी में ऋतिक रोशन पूरे परिवार के साथ शामिल हुए थे। एक्टर अपने दोनों बेटे रेहान, हदान और गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ स्पॉट हुए थे। कजन के संगीत में ऋतिक रोशन ब्लैक-ब्लू थ्री-पीस सूट पहने पहुंचे थे। वहीं ऋतिक की पूर्व पत्नी सुजैन खान भी बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ फंक्शन में शामिल होने पहुंची थीं।

### बैटर्स में तिलक वर्मा नंबर-3, टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस दूसरे स्थान पर

# टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में बुमराह की 10 स्थान की छलांग

ब्रह्मास्त्र ›› दुबई

टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 10 स्थान की छलांग लगाई है। जारी आईसीसी रैंकिंग में बुमराह 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 622 रेटिंग पॉइंट्स हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में बुमराह ने 2 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

भारत ने यह सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी, जबकि लखनऊ में खेला गया चौथा मैच कोहरे की वजह से रद्द करना पड़ा था। अहमदाबाद में हुए निर्णायक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 231 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस मैच में तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन की धमाकेदार पारी खेली। इस शानदार प्रदर्शन के बाद तिलक ने श्रीलंका के पथुम निसांका को पीछे छोड़ते हुए 805 रेटिंग पॉइंट्स के साथ बैटर्स रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया।

वहीं साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपने प्रदर्शन का फायदा मिला। उन्होंने तेज 31 रन की पारी खेली, जिसके दम पर वे पांच स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल हो गए।

**वरुण नंबर-1 पर कायम-** टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती ने अपनी टॉप पोजिशन और




मजबूत कर ली है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और कुल 10 विकेट झटके। इसमें आखिरी टी-20 मैच में लिए गए 4 विकेट भी शामिल हैं। शानदार प्रदर्शन का असर रैंकिंग में साफ दिखा, जहां वरुण के 804 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वे दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड के जैकब डफी (699) से काफी आगे बने हुए हैं।

**अभिषेक शर्मा टॉप पर टी-20 बैटर्स रैंकिंग में-** अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर काबिज हैं। इंग्लैंड के ओपनर फिल सॉल्ट दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं 805 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तिलक वर्मा तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं।

**टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को फायदा-** ताजा आईसीसी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बड़ा फायदा मिला है। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की जीत और वेस्टइंडीज के खिलाफ न्यूजीलैंड के शानदार प्रदर्शन का असर रैंकिंग में साफ नजर आया है। एडिलेड टेस्ट में 82 रन से जीत के दौरान ट्रैविस हेड ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 219 गेंदों पर 170 रन की शानदार पारी खेली। इस प्रदर्शन के दम पर हेड चार स्थान की छलांग लगाकर 815 रेटिंग पॉइंट्स के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जहां वे स्टीव स्मिथ के साथ हैं।

विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने पहली पारी में शतक लगाया, जिसके बाद वे छह स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गए। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग (737) है।

**न्यूजीलैंड बल्लेबाजों की मजबूत छलांग-** न्यूजीलैंड की जीत की नींव उनकी मजबूत बल्लेबाजी रही। रचिन रवींद्र ने 72* और 46 रन की पारियां खेलीं, जिससे वे पांच स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गए। वहीं डेवोन कॉन्वे ने 227 और 100 रन की शानदार पारियों के दम पर 681 रेटिंग पॉइंट्स के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 17वें स्थान पर जगह बनाई।


वेस्टइंडीज की ओर से कावेम हॉज ने नाबाद 123 रन बनाए, जिसका उन्हें भी फायदा मिला। वे 11 स्थान ऊपर चढ़कर 66वें नंबर पर पहुंच गए हैं। यह उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग स्थान है।

**पैट कमिंस दूसरे नंबर पर पहुंचे-** टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के दो गेंदबाज अब नंबर-1 जसप्रीत बुमराह को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। मिचेल स्टार्क तीसरे नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पैट कमिंस चार स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। कमिंस की रेटिंग 849 है और वे बुमराह से सिर्फ 30 पॉइंट पीछे हैं। एडिलेड टेस्ट में स्टार्क और कमिंस ने मिलकर 10 विकेट झटके थे।

स्टार्क को ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भी फायदा मिचेल स्टार्क को टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भी फायदा मिला है। एडिलेड टेस्ट में अहम अर्धशतक लगाने के बाद वे तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। स्टार्क के 311 रेटिंग पॉइंट्स हैं और वे इंग्लैंड के बेन स्टोक्स के बराबर हो गए हैं।

एशेज में ऑस्ट्रेलिया 3-0 से आगे ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। वहीं न्यूजीलैंड ने माउंट माउंगानुई में वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली।

# रेप केस में क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी संभव



### जयपुर कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज, कहा- ऐसा नहीं लगता कि आरोपी को फंसाया गया

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल को नाबालिग से रेप के मामले में जयपुर के पॉक्सो कोर्ट से झटका लगा है। जयपुर महानगर प्रथम के पॉक्सो कोर्ट-3 ने यश की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अब यश दयाल की कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है।

जज अलका बंसल ने आदेश में कहा- प्रथमदृष्टया ऐसा नहीं लगता है कि आरोपी को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। अब तक की जांच में आरोपी का अपराध में शामिल होना प्रकट होता है। आरोपी से पूछताछ होनी शेष है। ऐसे में इस स्तर पर आरोपी को अग्रिम जमानत का फायदा नहीं दिया जा सकता। 23 जुलाई 2025 को जयपुर के सांगानेर सदर थाने में यश के खिलाफ क्रिकेट में करियर बनाने का झांसा देकर और इमोशनल ब्लैकमेल करके नाबालिग के साथ ढाई साल तक रेप करने का मामला दर्ज हुआ था। पीड़िता के वकील दिवेश शर्मा ने बताया- मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़िता और आरोपी के मोबाइल की सीडीआर बरामद की। इसमें दोनों के बीच बातचीत होने की पुष्टि होती है। इसके साथ ही पीड़िता द्वारा बताए गए होटलों में दोनों के ठहरने का रिकॉर्ड भी है। पीड़िता के मोबाइल से मिली चैट, फोटोज और वीडियो के विश्लेषण से आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला बनता है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने 3-4 मई 2023 को जयपुर में आईपीएल मैच खेलने के दौरान पीड़िता को रेलवे स्टेशन के पास होटल में मिलने बुलाया और सेक्स के लिए कहा।

# हॉकी प्लेयर हार्दिक सिंह को खेल रत्न मिलेगा

### चेस वर्ल्ड चैंपियन दिव्या समेत 24 प्लेयर्स को अर्जुन अवॉर्ड की सिफारिश, लिस्ट में कोई क्रिकेटर नहीं




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को 2025 का मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा। हार्दिक इकलौते खिलाड़ी हैं, जिनके नाम के लिए चयन समिति ने सिफारिश की है। 27 साल के हार्दिक सिंह टोक्यो 2021 और पेरिस ओलिंपिक 2024 में मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस साल आयोजित एशिया कप में गोल्ड मेडल जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

चयन समिति की बैठक में अर्जुन पुरस्कार के लिए नामों की सिफारिश की गई। इसमें क्डअ के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एमएम सोमैया शामिल थे।

समिति ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर समेत 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना है। इस बार खेल पुरस्कारों की लिस्ट में किसी क्रिकेटर का नाम नहीं है। समिति द्वारा सिफारिश किए गए खिलाड़ियों को ही पुरस्कार देने का प्रस्ताव होता है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय सरकार और खेल मंत्रालय लेते हैं। यदि उन्हें सूची में किसी नाम को जोड़ना या हटाना आवश्यक लगता है, तो वे ऐसा कर सकते हैं। योगासन की खिलाड़ी को पहली बार अर्जुन मिला पहली बार योगासन खेल से जुड़ी खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए सिफारिश की गई है। खेल मंत्रालय से मान्यता मिलने के 5 साल बाद किसी योगासन खिलाड़ी का चयन हुआ है। आरती इस समय राष्ट्रीय और एशियाई चैंपियन हैं।

# श्रेयस अय्यर स्प्लीन की चोट से उबरे, बैटिंग शुरू की




ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर स्प्लीन की चोट से उबर गए हैं। उन्होंने बुधवार को मुंबई में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी भी की। टीओआई ने बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से लिखा कि अब उन्हें कोई दर्द नहीं है और वे बिना किसी परेशानी के बैटिंग कर रहे हैं।

31 साल के श्रेयस अय्यर 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में चोटिल हो गए थे। उन्हें सिडनी के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया था। उस मैच में अय्यर ने बैकवर्ड पॉइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम में लौटे और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक हफ्ते सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में रहेंगे अय्यर अय्यर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में चार से छह दिन रहेंगे। वहां उन्हें क्रिकेट में वापसी की टाइमलाइन के बारे में बताया जाएगा। अय्यर ने रेगुलर जिम और फिटनेस रूटीन फिर से शुरू कर दिया है। चोट के बाद के सभी एक्स-रे और असेसमेंट में कोई चिंता की बात सामने नहीं आई है।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट

## नए साल में तेज रफ्तार से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गोल्डमैन सैश ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता के बीच भारत आने वाले वर्षों में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। रिपोर्ट में भारत की जीडीपी वृद्धि 2026 में 6.7% और 2027 में 6.8% रहने का अनुमान है, जो आम अनुमानों से अधिक है।

वैश्विक आर्थिक विकास के स्थिर रहने की उम्मीद के बीच अगले साल भी भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। गोल्डमैन सैश के अनुसार, 2026 में वैश्विक विकास दर के 2.8 फीसदी रहने का अनुमान है। यह 2.5 फीसदी के आम सहमति अनुमान से अधिक है। यह कई अर्थव्यवस्थाओं में स्थिर महंगाई और आसान मौद्रिक स्थितियों के कारण संभव हो पा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, टैरिफ में कमी, कर कटौती और आसान वित्तीय स्थितियों के कारण अमेरिका का प्रदर्शन काफी बेहतर रहने की संभावना है। मजबूत घरेलू मांग और अनुकूल संरचनात्मक रुझानों के कारण भारत सहित उभरते बाजारों का प्रदर्शन विकसित देशों से बेहतर रहने की उम्मीद है। इस दौरान भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर लगभग 6.7 फीसदी और 2027 में 6.8 फीसदी रह सकती है। यह आम सहमति के विकास अनुमानों से अधिक है और भारत को तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाए रखता है। गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि कमोडिटी की कम कीमतों, बेहतर उत्पादकता और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं में कमी से 2026 के अंत तक अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में मूल्य दबाव कम हो जाएगा।

स्टार्टअप के लिए बेहतर वर्ष रहा 2025

# आईपीओ से पूंजी जुटाने में मिली मदद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए बेहतर साल रहा, जहां कुल फंडिंग घटी लेकिन सौदों का औसत आकार दोगुना हुआ और आईपीओ से रिकॉर्ड पूंजी जुटी। 18 स्टार्टअप के आईपीओ से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक आए और रिटेल, फिनटेक व एंटरप्राइज सेक्टर ने अच्छा प्रदर्शन किया।

लंबे समय तक फंडिंग में आई मंदी के बाद 2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए बेहतर वर्ष बनकर उभरा है। हालांकि, कुल फंडिंग जुटाने में जरूर कमी आई, लेकिन सौदों का आकार दोगुना बढ़कर 14 लाख डॉलर पर पहुंच गया है। 2024 में यह आकार 7 लाख डॉलर था। इस साल इस क्षेत्र को आईपीओ के जरिये अच्छी खासी पुंजी जुटाने में मदद मिली है।


आंकड़ों के अनुसार, देश के प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने 2025 में 10.5 अरब डॉलर जुटाए। यह 2024 के 12.7 अरब डॉलर से 17 फीसदी और 2023 के 11 अरब डॉलर से 4 फीसदी कम है। 10 करोड़ डॉलर से अधिक के फंडिंग राउंड की संख्या 2024 के 19 की तुलना में घटकर 14 रह गई। हालांकि, बड़े सौदों में एरिशा ई-मोबिलिटी (एक अरब डॉलर), जेप्टो (45 करोड़ डॉलर) और ग्रीनलाइन (27.5 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।

कम फंडिंग के बावजूद स्टार्टअप आईपीओ में तेजी के चलते नकदी में जबरदस्त उछाल आया। लेंसकार्ट, ग्रो, मीशो और फिजिक्सवाला समेत 18 स्टार्टअप भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध हुए। इन्होंने कुल मिलाकर 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग जुटाई। 2024 में स्टार्टअप कंपनियों ने आईपीओ के जरिये 29,000 करोड़ रुपये की रकम जुटाई थी।

**रिटेल और फिनटेक का अच्छा प्रदर्शन-** आंकड़ों के मुताबिक, वैश्विक टैरिफ व्यवधानों और देशों के बीच तनावों से प्रभावित इस वर्ष रिटेल, फिनटेक, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और त्वरित वाणिज्य सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र बनकर उभरे। एंटरप्राइज एप्लिकेशन (2.6 अरब डॉलर), रिटेल (2.4 अरब डॉलर) और फिनटेक (2.2 अरब डॉलर) ने फंडिंग को मजबूती प्रदान करना जारी रखा।

**ब्लॉकबस्टर आईपीओ का साल रहा 2025-** 2025 मजबूत नकदी और ब्लॉकबस्टर आईपीओ का साल रहा है। इस वर्ष में रिकॉर्ड संख्या में वेंचर कैपिटल और पीई समर्थित कंपनियों ने शेयर बाजार में कदम रखा। यह इस लिहाज से एक रिकॉर्ड वर्ष था।

उदाहरण के लिए, पीक एक्सवी, एलिवेशन जैसे फंड को देखें तो उनके पोर्टफोलियो में कई आईपीओ शामिल थे। लिस्टिंग में कुछ कंपनियों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। अर्बन कंपनी का शेयर लिस्टिंग पर 58.26 फीसदी बढ़ा। मीशो का 53 फीसदी ज्यादा भाव पर लिस्ट हुआ। हालांकि, लेंसकार्ट और ब्लूस्टोन जैसी कंपनियों को कम रिस्पांस मिला।




### इस वर्ष 44,000 नए स्टार्टअप बने

देश की स्टार्टअप गाथा उल्लेखनीय घरेलू विकास की मिसाल है। लगभग 200,000 डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें से अकेले इस वर्ष 44,000 नए जुड़े हैं। 11 नए यूनिकॉर्न और आईपीओ के जरिये 18 कंपनियों की 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने के साथ भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

### 15% की रफ्तार से हो रही वृद्धि

उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि कारोबार सुगमता, सरकार की सकारात्मक नीतियों और फंडिंग के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन से देश में स्टार्टअप तंत्र को बढ़ावा मिल रहा है। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, भारत अब दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम का मेजबान है। इसके हर साल 12-15 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है।

एसएफआईओ ने

## इंडसइंड बैंक में शुरू की घोटाले की जांच



1960 करोड़ का वित्तीय नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसएफआईओ ने इंडसइंड बैंक में घोटाले की जांच शुरू कर दी है। इस घोटाले के कारण बैंक को करीब 1,960 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह जांच ऐसे समय शुरू हुई है जब मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू को फंड की हेराफेरी का कोई सबूत नहीं मिला। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग संबंधी घोटाले की जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने शुरू कर दी है। अकाउंटिंग धोखाधड़ी से बैंक को 1,960 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ था। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 23 दिसंबर को उसे जांच संबंधी पत्र मिला है। यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) फंड की हेराफेरी या गबन का कोई सबूत न मिलने के बाद प्रारंभिक जांच को बंद करने की योजना बना रही है। ईओडब्ल्यू ने कहा, अगस्त से चल रही उसकी प्रारंभिक जांच में फंड की हेराफेरी या डायवर्जन का कोई सबूत नहीं मिला है। ऐसे में प्रारंभिक शिकायत यानी एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। बैंक ने कहा, बाहरी लेखा परीक्षक ने अप्रैल में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग विसंगतियों के कारण 31 मार्च, 2025 तक लाभ और हानि पर विपरीत लेखांकन प्रभाव 1,959.98 करोड़ रुपये बताया था। 15 अप्रैल को इंडसइंड बैंक ने एक अन्य बाहरी एजेंसी की आधार रिपोर्ट का खुलासा किया था। इसमें बताया गया कि डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में लेखांकन संबंधी त्रुटियों के कारण बैंक की शुद्ध संपत्ति पर 1,979 करोड़ रुपये का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

हायर इंडिया में हिस्सेदारी खरीदेंगी दो कंपनियां

# नौ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री 16% घटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एनएचएआई के प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी से इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) के रूप में मंजूरी मिल गई है। इस इनविट का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों की मुद्रीकरण क्षमता को उजागर करना और साथ ही खुदरा और घरेलू निवेशकों को लक्षित करते हुए एक उच्च गुणवत्ता वाला निवेश साधन तैयार करना है।

देश के शीर्ष नौ शहरों में मकानों की बिक्री मांग में कमी और आवासीय संपत्तियों की नई पेशकश में गिरावट के कारण अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 16 फीसदी घटकर 98,019 इकाई रहने का अनुमान है। प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, यह जुलाई-सितंबर, 2021 के बाद दर्ज की गई तिमाही आधार पर सबसे कम बिक्री है। इन शहरों में मकानों की बिक्री वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में घटकर 98,019 इकाई रह गई। कई देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर और आर्किटेक्ट जैसी पेशेवर सेवाओं पर बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं इन पेशेवरों के लिए विदेश में अवसर खोलने में सहायक होंगी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, भारत की विशाल आबादी पेशेवर सेवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने की अपार क्षमता प्रदान करती है।



अग्रवाल ने कहा, इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना और पेशेवरों को बदलते वैश्विक बाजार की जरूरतों और तकनीकी विकास के अनुरूप उन्नत कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया जैसे पेशेवर निकायों को ज्ञान साझा करने और बेहतर सहयोग के लिए मंच प्रदान करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करने और उनमें भाग लेने की जरूरत है। अग्रवाल ने भारतीय पेशेवर सेवाओं के लिए वैश्विक बाजारों को खोलने हेतु हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय, घरेलू तंत्र में सुधार और विभिन्न एफटीए के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं के महत्व पर बल दिया।

### हायर इंडिया में 49 फीसदी हिस्सा खरीदेंगी भारती और वारबर्ग पिंकस

भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस ने वॉशिंग मशीन एवं रेफ्रिजरेटर जैसे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाले हायर इंडिया में दो अरब डॉलर (करीब 17,955.5 करोड़ रुपये) में 49 फीसदी हिस्सा खरीदने की बुधवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने कहा, वे हायर इंडिया में रणनीतिक निवेश कर रही हैं। इसका प्रबंधन नियंत्रण वर्तमान चीनी समूह के पास ही रहेगा। हालांकि, उन्होंने अधिग्रहण की कीमत का खुलासा नहीं किया। इस सौदे के बाद भारती और वारबर्ग पिंकस के पास हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. में सामूहिक रूप से 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी। चीन स्थित हायर ग्रुप, हायर इंडिया में 49 फीसदी हिस्सेदारी बरकरार रखेगा, जबकि शेष हिस्सा हायर इंडिया की प्रबंधन टीम के पास रहेगा। इस घोषणा के साथ ही हिस्सेदारी हासिल करने को लेकर प्रतिस्पर्धी दौड़ का अंत हो गया। इसके लिए सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाला जेएसडब्ल्यू समूह और मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज जियो के जरिये दौड़ में थीं।

लक्ष्य पाने के लिए गैर-जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में

# निवेशकों का बढ़ाना होगा भरोसा विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

लक्ष्य पाने के लिए गैर-जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ाना होगा भरोसा, विशेषज्ञों ने दिया सुझाव

देश के गैर-जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर का एक ऐसा समन्वित नियामकीय ढांचा बनाने की जरूरत है, जो निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा प्रदान करने में सक्षम हो।

सरकार ने 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित 500 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में सौर, पवन, बायोमास, अपशिष्ट से ऊर्जा और जलविद्युत परियोजनाओं जैसे स्रोत शामिल हैं। उद्योग मंडल फिक्की की ओर से जारी बयान में क्रिसिल के निदेशक (ऊर्जा एवं जिंस) आशीष मित्तल ने कहा, भारत के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर का ऐसा समन्वित नियामकीय ढांचा जरूरी होगा, जो निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा दे सके।

मित्तल ने बुधवार को फिक्की के इंडिया पावर एंड एनर्जी स्टोरेज कॉन्फ्रेंस में कहा, निवेश से जुड़े जोखिम कम करने और भारत को जिस पैमाने पर निजी पूंजी की आवश्यकता है, उसे आकर्षित करने के लिए कैप-एंड-फ्लोर (वित्तीय वायदा-विकल्प) तंत्र, परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए वित्तपोषण (वीजीएफ) और स्टोरेज-एज-ए-सर्विस (क्लाउड कंप्यूटिंग) मॉडल अहम भूमिका निभाएंगे। सरकार को लक्ष्य हासिल करने के लिए इन बातों पर ध्यान देना चाहिए।?

वित्तपोषण ढांचे को विकसित करने की आवश्यकता

एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक अशोक शर्मा ने कहा, ऊर्जा भंडारण पूंजी-गहन क्षेत्र है, जिसमें परियोजना लागत का बड़ा हिस्सा बैटरियों का होता है। उन्होंने कहा कि इन परिसंपत्तियों के

## कार्बी आंगलोंग हिंसा-11 हजार लोग घरों में कैद, बाजार बंद



### सेना समेत 700 जवानों का 12 गांवों में फ्लैग मार्च, खौफ में हजारों बाहरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

असम के 12 लाख की आबादी वाले स्वायत्तशासी कार्बी आंगलोंग में इस समय आप किसी से भी बात करेंगे, तो शायद जवाब न मिले, क्योंकि हिंसा का खौफ लोगों के दिल और दिमाग में बैठ गया है। घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं। बाजार बंद हैं। मोबाइल डेटा सर्विस बंद है।

22-23 दिसंबर को यहां स्थानीय कार्बी आदिवासी और ह्यबाहरीह्व लोगों के बीच हुई हिंसा में 2 की मौत हो गई थी। 60 पुलिसकर्मियों समेत 150 से ज्यादा घायल हैं। इनमें एक दिव्यांग सूरज डे को भीड़ ने जिंदा जला दिया था।

ये खौफ जिले के उन 12 गांवों में हैं, जहां विवाद है। इन गांवों में असम पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स, सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स और भारतीय सेना के लगभग एक हजार जवान तैनात हैं।

कार्बी जनजाति के संगठनों का दावा है कि जिले में हमारी आबादी अब महज 35% बची है। बाकी 65% बाहरी हैं, जो नेपाल, यूपी और बिहार के हिंदी भाषी लोग हैं। जहां विवाद है, उन गांवों में आबादी करीब 11 हजार है।

### सरकार के 2 एक्शन

अरण्यक सैकिया का ट्रांसफर कर उन्हें कार्बी आंगलोंग में डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर बनाया गया है। पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के रढ फैज अहमद बरभुइया का ट्रांसफर कर दिया। उनकी जगह नयन मोनी बर्मन को लाया गया है। मरने वाले दोनों लोगों का अंतिम संस्कार हुआ बुधवार रात को दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार स्थानीय रिवाजों के अनुसार किया गया। दिव्यांग युवक सुरेश डे का शव उनकी दुकान से बरामद किया गया, जिसे कार्बी भीड़ ने आग लगा दी थी, जबकि स्वदेशी जनजाति के अथिक तिमुंग की पुलिस फायरिंग में मौत हो गई थी। कार्बी समुदाय के आंदोलनकारी 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। ये लोग कार्बी आंगलोंग और वेस्ट कार्बी आंगलोंग में विलेज ग्रेजिंग रिजर्व और प्रोफेशनल ग्रेजिंग रिजर्व जमीनों से अवैध बसने वालों को हटाने की मांग कर रहे थे। पुलिस फायरिंग में घायल हुए तीन कार्बी युवकों का गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इलाज चल रहा है, और उनकी हालत स्थिर है।

## आज 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वीर बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को 20 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित करेंगी। इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया है। कार्यक्रम दिल्ली के विज्ञान भवन में सुबह 11:00 बजे आयोजित होगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें बाल पुरस्कार विजेता और देशभर से आए स्कूली बच्चे शामिल होंगे।

# मध्यप्रदेश के 25 शहरों में तापमान 10° से कम, राजस्थान के 3 शहरों में पारा 2° से कम

## उत्तरप्रदेश में घना कोहरा, 50 से अधिक ट्रेनें लेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



देश के करीब 22 राज्यों में भीषण सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। गुरुवार को सबसे ठंडा शहर पचमढ़ी रहा, यहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के साथ ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। गुरुवार को 4 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। माउंट आबू 1.0, फतेहपुर 1.6 और नागौर 1.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। यूपी के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, बरेली समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सड़कों पर विजिबिलिटी इतनी कम थी कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में कोहरे के साथ ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। कोल्ड-डे जैसी स्थिति रहेगी। कोल्ड डे एक मौसम संबंधी स्थिति है जब किसी स्थान का न्यूनतम तापमान 10त्ऊ से कम हो, और दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5त्ऊ से 6.4त्ऊ तक कम हो जाता है, जिससे बहुत ज्यादा ठंड महसूस होती है

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तेज हो सकती है, जबकि निचले इलाकों में बारिश के आसार हैं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर-जबलपुर संभाग के कई जिलों में शुक्रवार सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। नए साल की शुरूआत तक भीषण सर्दी होगी। गुरुवार रात पचमढ़ी में लगातार दूसरे दिन पारा 4 डिग्री से नीचे रहा।

### राजस्थान में पाला पड़ा, कोल्डवेव की चेतावनी:8 डिग्री तक लुढ़का पारा, सीकर में बर्फ जमी, जयपुर में बादल छाए

मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में अगले 3-4 दिनों तक तेज ठंड और शीतलहर चलने की आशंका जताई है। साथ ही, उत्तर-पूर्वी राजस्थान के 11 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार सुबह से जयपुर सहित आसपास के जिलों में बादल छाए हुए हैं। वहीं, ठंडी हवाओं के कारण सुबह और शाम कड़ाके की ठंड पड़ने से ग्रामीण इलाकों में पाला जमना शुरू हो गया है। सीकर, जयपुर, नागौर समेत कई शहरों में तापमान में दो दिनों में 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। गुरुवार को सीकर में कई जगह बर्फ की पतली परत जम गई। शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, चूरू, झुंझुनूं के अलावा नागौर, अलवर, करौली, धौलपुर, भरतपुर के इलाकों में शीतलहर का सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। पिछले 24 घंटों में बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर और उनके आसपास के जिलों में आसमान में ऊंचाई पर हल्के बादल छाए रहे। सीकर, जयपुर, झुंझुनूं, अलवर समेत कई शहरों में सुबह-शाम के साथ दिन में भी हल्की ठंडी हवाओं का असर रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान सीकर के पास फतेहपुर में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फतेहपुर, सीकर, गंगानगर, नागौर के ग्रामीण इलाकों में गलन भरी सर्दी रही।

## भारत ब्रह्मोस का नया वर्जन तैयार कर रहा: रेंज 450-800 किमी तक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 6 एयरबेस को तबाह कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आई भारत की सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल अब और भी ताकतवर होने जा रही है। रक्षा सूत्रों के अनुसार ब्रह्मोस की रेंज, रफ्तार और मारक क्षमता को और बेहतर किया जा रहा है।

फिलहाल इसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है, लेकिन नए वर्जन में इसे 450 किलोमीटर से लेकर 800 किलोमीटर तक करने पर काम चल रहा है। इन नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किलोमीटर है। वहीं, ब्रह्मोस का हल्का वर्जन भी बनाया जा रहा है। ब्रह्मोस का करीब ढाई टन वजनी खास वर्जन सुखोई एमकेआई-30 लड़ाकू विमान के नीचे (अंडरबेली) लगाने के लिए तैयार किया गया है। यह




वर्जन अब प्रोजेक्ट डिजाइन बोर्ड से मंजूरी के बाद अगले चरण में पहुंच गया है।

अभी ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल के ग्राउंड ट्रायल की तैयारी चल रही है। इस नए वर्जन के अगले तीन साल में पूरी तरह विकसित होने की उम्मीद है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक रहा तो ब्रह्मोस के इस नए वर्जन का पहला परीक्षण 2027 के अंत तक किया जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस ने 6 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह किए थे।

## गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को हड़ताल का ऐलान किया:स्विगी, जोमैटो और जेप्टो पर होगा असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को पूरे देश में हड़ताल का ऐलान किया है। इसका असर स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, जेप्टो, अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी पर पड़ेगा। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने कहा, ये वर्कर्स काम की खराब होती स्थिति, कम होती कमाई, सुरक्षा की कमी, सामाजिक सुरक्षा के अभाव के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। वर्कर्स ने केंद्र, राज्यों से अपील की है कि वे इन प्लेटफॉर्म कंपनियों को रेगुलेट करें। गिग वर्कर्स की ओर से जारी बयान में 25 दिसंबर को भी हड़ताल का जिक्र है। इसके असर का पता नहीं चल सका। गिग वर्कर्स मुख्य रूप से ये 9 मांगे कर रहे हैं... फेयर और ट्रांसपेरेंट वेतन स्ट्रक्चर लागू किया जाए। 10 मिनट डिलीवरी मॉडल को तुरंत बंद किया जाएॉ बिना प्रक्रिया के आईडी ब्लॉक और पेनल्टी पर रोक लगे। सुरक्षा के लिए जरूरी गियर और उपाय दिए जाएं। एल्गोरिदम के आधार पर भेदभाव न हो, सभी को बराबर काम मिले। प्लेटफॉर्म्स और कस्टमर्स से सम्मानजनक व्यवहार हो। काम के दौरान ब्रेक और तय समय से ज्यादा काम न कराया जाए। एप और टेक्निकल सपोर्ट मजबूत हो, खासकर पेमेंट और रूटिंग की समस्याओं के लिए। स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना कवर और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा मिले।

### पित्रोदा बोले-मोदी सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही:

## दूतावास के अधिकारी उनका पीछा करते हैं; विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा- मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं,




लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं।

वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा, 'सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। ' जॉर्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं। राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। हम यूनिवर्सिटी जाते हैं, पब्लिक स्पेस में बात करते हैं। कौन किससे जुड़ा है, हमें न पता है और न हमें फर्क पड़ता है। क्रिसमस के दौरान चर्चों पर हमलों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर कहा कि किसी भी तरह की हिंसा की समाज में कोई जगह नहीं है। ऐसी घटनाएं भारत की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं और यह नफरत का नतीजा हैं। मनरेगा की जगह लाए गए जी-राम-जी कानून पर कहा कि राम के नाम का इस्तेमाल क्यों किया गया। महात्मा गांधी के नाम से योजना चल रही थी, उसमें क्या दिक्कत थी? प्रधानमंत्री किसी एक समुदाय के नहीं, पूरे देश के होते हैं। धर्म निजी आस्था हो सकती है, लेकिन शासन की प्राथमिकता नहीं।

### अमेरिका की नाइजीरिया में ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक


# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोले- मारे गए आतंकियों को क्रिसमस की बधाई, ये ईसाइयों की हत्या कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने गुरुवार रात नाइजीरिया में आतंकी संगठन ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प का आरोप है कि यहां ISIS ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहा है।

उन्होंने ISIS आतंकियों को 'आतंकी कचरा' बताते हुए लिखा कि यह संगठन लंबे समय से निर्दोष ईसाइयों की हत्या कर रहा है। ट्रम्प के मुताबिक इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना ने कई परफेक्ट स्ट्राइक कीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि अमेरिका 'कट्टर इस्लामी आतंकवाद को पनपने नहीं देगा।' पोस्ट के अंत में ट्रम्प लिखा- सभी को क्रिसमस की बधाई, मारे गए आतंकियों को भी। अगर ईसाइयों की हत्याएं जारी रहीं, तो आगे और भी आतंकी मारे जाएंगे।




### ट्रम्प बोले- ऐसी कार्रवाई सिर्फ अमेरिका कर सकता है

ट्रम्प ने रक्षा मंत्रालय को 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' कहते हुए सेना की तारीफ की और कहा कि ऐसी सटीक कार्रवाई सिर्फ अमेरिका ही कर सकता है।

इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7,000 से ज्यादा ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के लिए बोको हरम और फुलानी जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं।

### ट्रम्प ने 2 नवंबर को हमले की धमकी दी थी

ट्रम्प ने 2 नवंबर नाइजीरिया को कड़ी चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या और हमले बंद नहीं हुए, तो अमेरिका तुरंत नाइजीरियाई सरकार को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य सहायता रोक देगा।

ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिका 'गन के साथ' नाइजीरिया में कार्रवाई करेगा। हम आतंकियों को खत्म कर देंगे जो ईसाइयों पर हमला कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को संभावित सैन्य कार्रवाई की तैयारी के आदेश दे दिए हैं।

### नाइजीरिया के सोकोतो राज्य में किया गया हमला

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नाइजीरिया सरकार के सहयोग से की गई है और आने वाले वक्त में और भी हमले हो सकते हैं। उन्होंने नाइजीरिया सरकार को मदद और सहयोग के लिए शुक्रिया कहा। अमेरिकी सेना की अफ्रीका कमांड के मुताबिक यह हमला नाइजीरिया के सोकोतो राज्य में किया गया,



जिसमें क्रक्र के कई आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि हमला कब हुआ और इसमें कितना नुकसान हुआ। नाइजीरिया सरकार ने कहा है कि यह हमला अमेरिका के साथ चल रहे सुरक्षा सहयोग का हिस्सा है।

### रूस ने ब्रिटेन के पास उड़ाए बमवर्षक विमान, नॉटो ने फाइटर जेट्स तैनात किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस ने क्रिसमस के दिन ब्रिटेन की उत्तरी सीमा के करीब अपने Tu-95MS बमवर्षक विमान उड़ाए। Tu-95MS बमवर्षक विमानों को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम माना जाता है। ये विमान नॉर्वेजियन सागर के ऊपर देखे गए। रूस की इस सैन्य गतिविधि के बाद अलर्ट हो गया। स्थिति पर नजर रखने के लिए तुरंत अपने फाइटर जेट्स तैनात कर दिए। इन जेट्स ने रूसी विमानों की उड़ान पर निगरानी रखी। रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी बमवर्षकों के साथ फाइटर जेट्स भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि यह कदम पश्चिमी देशों को संदेश देने और दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हाल के दिनों में रूस और पश्चिमी देशों के बीच तनाव लगातार बना हुआ है, ऐसे में इस तरह की सैन्य उड़ानों को सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जा रहा है।

### म्यांमार से वेनेजुएला तक दुनियाभर में दखल दे रहा अमेरिका:

# कहीं राष्ट्रपति को हटाने के लिए वॉरशिप तैनात किए, तो कहीं 50% टैरिफ लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका हाल के सालों में कई देशों के चुनाव और सत्ता में सीधे दखल देता नजर आ रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की लीडरशिप में अमेरिका कहीं अपने पसंदीदा नेताओं को जिताने की कोशिश कर रहा है, तो कहीं सरकारें गिराने के लिए सैन्य और आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर रहा है।

इसके लिए वो अलग-अलग हथकंडे भी अपना रहा है। ट्रम्प सरकार ने दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए कही वॉरशिप तैनात किए हैं, कहीं भारी भरकम टैरिफ की मदद ली है।

### वेनेजुएला- सत्ता बदलने के लिए वॉरशिप

वेनेजुएला में ट्रम्प लंबे समय से राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की कोशिश करते रहे हैं। 2019 में उन्होंने विपक्षी नेता जुआन गुआइदो को अंतरिम राष्ट्रपति माना था।

अब दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने मादुरो पर अमेरिका में ड्रग्स भेजने का आरोप लगाकर वेनेजुएला के पास अमेरिकी युद्धपोत तैनात कर दिए। मादुरो को सत्ता से हटाने के लिए उक्अ को कार्रवाई की मंजूरी दी गई और अमेरिकी सेना वेनेजुएला के तेल टैंकर जब्त कर रही है।

### ब्राजील- 50% टैरिफ से सीधा वार

ब्राजील में ट्रम्प ने अपने करीबी माने जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थन में मौजूदा राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा सरकार पर 50% टैरिफ लगा दिया। यह किसी भी देश पर लगाया गया सबसे बड़ा अमेरिकी टैरिफ था। इसके साथ ही अमेरिका ने बोल्सोनारो के खिलाफ फैसला देने वाले सुप्रीम कोर्ट के जज अलेक्जांद्रे द मोराइस पर वीजा और आर्थिक पाबंदियां भी लगा दीं। साफ संदेश था कि अगर बोल्सोनारो पर कार्रवाई हुई, तो अमेरिका दबाव बनाएगा।

### होंडुरास- पसंदीदा उम्मीदवार को जिताने की कोशिश

सेंट्रल अमेरिका के देश होंडुरास में 30 नवंबर 2025 को राष्ट्रपति चुनाव हुए। ट्रम्प ने खुलकर नसरी असफुरा का समर्थन किया और चेतावनी दी कि अगर उनका उम्मीदवार नहीं जीता, तो अमेरिका से मिलने वाली आर्थिक मदद पर असर पड़ेगा। चुनाव बेहद करीबी रहे। मतगणना में देरी, तकनीकी गड़बड़ियों और धांधली के आरोपों के बीच असफुरा को विजेता घोषित किया गया। विपक्ष ने नतीजे मानने से इनकार कर दिया, लेकिन अमेरिका के दबाव को इस जीत से जोड़कर देखा जा रहा है।

## पुतिन-जॉर्ज बुश पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को लेकर परेशान थेः गलत हाथों में जाने का डर था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश को पाकिस्तान के परमाणु हथियार गलत हाथों जाने का डर था। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं।

ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। बातचीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है।

दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे। इसके बावजूद, दोनों नेताओं को पाकिस्तान की न्यूक्लियर पॉलिसी और कंट्रोल सिस्टम पर भरोसा नहीं था।

### रूस ने पहली मुलाकात में ही चिंता जताई

स्लोवेनिया के ब्रदो कैसल में 16 जून 2001 को हुई पहली मुलाकात के दौरान पुतिन ने बुश से साफ कहा था कि उन्हें पाकिस्तान को लेकर चिंता है। पाकिस्तान एक सैन्य शासन है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं, लेकिन पश्चिमी देश उसकी आलोचना नहीं करते।

इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने कहा कि रूस पश्चिमी देशों का हिस्सा है, कोई दुश्मन नहीं। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान भी जताया। बाद में बुश ने यह भी कहा था कि उन्होंने पुतिन को करीब से समझा और उन्हें भरोसेमंद पाया।

### ईरान और उत्तर कोरिया तक फैलने का डर

सितंबर 2005 में व्हाइट हाउस में हुई बैठक के दौरान बातचीत ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के मुद्दे पर केंद्रित हो गई। पुतिन ने आशंका जताई कि ईरान की परमाणु गतिविधियों में पाकिस्तान की भूमिका हो सकती है।

**पुतिनः** लेकिन यह साफ नहीं है कि ईरान की प्रयोगशालाओं में क्या चल रहा है और वे कहां हैं। पाकिस्तान के साथ उसका सहयोग अब भी जारी है।

**बुशः** मैंने इस मुद्दे पर मुशर्रफ से बात की है। मैंने उनसे कहा कि हमें ईरान और उत्तर कोरिया तक तकनीक पहुंचने की चिंता है। उन्होंने ए.क्यू. खान और उसके कुछ साथियों को जेल में डाला है और नजरबंद किया है। हम जानना चाहते हैं कि उन्होंने पूछताछ में क्या बताया। मैं मुशर्रफ को बार-बार यह बात याद दिलाता हूं। या तो उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिल रही है, या फिर वे हमें पूरी सच्चाई नहीं बता रहे हैं।

**पुतिनः** मेरी जानकारी के मुताबिक ईरान के सेंट्रीफ्यूज में पाकिस्तानी मूल का यूरेनियम मिला है।

**बुशः** हां, यही वो बात है जो ईरान ने आईएईए को नहीं बताई थी। यह नियमों का उल्लंघन है।

**पुतिनः** अगर यह पाकिस्तानी मूल का है तो इससे मुझे काफी घबराहट होती है।

**बुशः** इससे हमें भी उतनी ही चिंता होती है।


**पुतिनः** हमारे हालात के बारे में भी सोचिए।

**भारत की पुरानी चिंता भी सामने आई-** इन खुलासों के बीच भारत की चिंताएं भी सामने आ गई हैं। भारत लंबे समय से पाकिस्तान के परमाणु प्रसार रिकॉर्ड पर सवाल उठाता रहा है। नवंबर 2025 में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान का इतिहास तस्करी, अवैध परमाणु गतिविधियों और एक्यू खान नेटवर्क से जुड़ा रहा है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सद्पुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत-2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| | | | | | | | | |
| 31 | | 20 | | 35 | | 4 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 35 | | 7 | | 8 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 48 | | 21 | | 36 | | 29 | = | 40 34 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दि | ल | क्ष | रि | श्ला | ज | व | न | र | ट |
| दा | ठ | यू | न | दी | बा | शी | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | धी | न | ते | ना | ज | औं | म | पा | त | वा |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | कं | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॅ | र | रू |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | यो | र्न | य | ज | चि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | द | जी | म्ब | त |
| वे | धी | लो | नि | या | ल | बी | र | रा | त | ठ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 1 | 6 | | 4 |
| | 37 | | 37 | | 29 | 3 |
| 2 | 4 | | 7 | | 6 | 1 |
| | 31 | 1 | 28 | | 32 | |
| | 6 | | 2 | | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | | 33 | |
| | 1 | | 3 | | 4 | 6 |



# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्याः 7 दिन में दूसरी घटना

## बांग्लादेश में कट्टरपंथी हावी हो रहे हैं। वे दूसरे समुदाय के लोगों को अपने आसपास नहीं देखना चाहते

**बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11:00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।**



## स्टूडेंट लीडर उस्मान हादी की हत्या के बाद हिंसा भड़की

दीपू चंद्र की हत्या जिस वक्त हुई, उसी दौरान बांग्लादेश में हिंसा भड़की हुई थी। इंकिलाब मंच के लीडर 32 साल के शरीफ उस्मान बिन हादी की मौत के बाद से राजधानी ढाका समेत 4 शहरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। उस्मान हादी अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के विरोध में हुए छात्र आंदोलन के लीडर थे। वे शेख हसीना और भारत विरोधी माने जाते थे। 12 दिसंबर को उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई थी। यूनुस सरकार ने उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर भेजा था, लेकिन 18 दिसंबर को हादी की मौत हो गई। इससे भड़की भीड़ ने बांग्लादेश के दो बड़े अखबारों द डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में आग लगा दी। आरोप है कि हादी के समर्थक इलियास हुसैन ने फेसबुक पोस्ट के जरिए लोगों से राजबाग एरिया में इकट्ठा होने के लिए कहा था। बांग्ला अखबार प्रथोमो आलो और अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार के दफ्तर इसी जगह हैं। उस्मान हादी अपनी तकरीरों में प्रोथोम आलो और द डेली स्टार अखबार की आलोचना करते थे। उन्हें हिंदुओं का पक्षधर बताते थे और इन अखबारों के सेक्युलर होने पर आलोचना करते थे।

# बेटे को मारकर जलाया, अब धमकी- घर छोड़ दोः बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या, परिवार बोला- सरकार ने मरने के लिए छोड़ा

**बांग्लादेश की राजधानी ढाका से करीब 80 किलोमीटर दूर, खेतों के बीच दो कच्चे घर बने हैं। इन्हीं में से एक 25 साल के दीपू चंद्र दास का है। 18 दिसंबर की रात दीपू को भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उसकी डेडबॉडी जला दी गई। दीपू के परिवार को न सुरक्षा मिली, न गांव से कोई दिलासा। उल्टा, उसके एक रिश्तेदार को बाजार में भीड़ ने पीट दिया। अब परिवार को धमकी मिल रही है कि घर छोड़कर चले जाओ। डर की वजह से दीपू के परिवार ने घर की दीवार पर एक पोस्टर चिपका दिया है। उस पर लिखा है-ईशनिंदा के आरोप झूठे हैं।**



दीपू कपड़े की फैक्ट्री में ढाई साल से काम कर रहा था। सुबह 5 बजे मैंने उससे बोला कि घर में खाने के लिए कुछ नहीं है। दीपू बोला कि शाम को लौटते हुए चावल लेकर आऊंगा। इसके बाद वो काम पर चला गया। शाम को हमने फेसबुक पर एक वीडियो देखा। लोग दीपू को पीट रहे थे। उसे पेड़ से लटका दिया। कुछ देर बाद दीपू के एक दोस्त को फोन आया। उसने बताया कि फैक्ट्री के अंदर क्या हुआ है। दीपू बहुत ही सुलझा हुआ लड़का था। वो किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। इस तरह के लड़ाई-झगड़े से दूर रहता था। अगर ऐसी कोई बात होती तो मुझे, या अपने पापा को या पत्नी को तो बताता। उसने कभी कुछ नहीं कहा।

### भाई बोले- यहां हर रोज हिंदुओं को मारा जा रहा

दीपू के भाई कार्तिक दास दैनिक भास्कर से कहते हैं कि अगर मेरे भाई ने कुछ गलत किया होता, तो उसका कोई वीडियो जरूर होता। कोई वीडियो नहीं है। आजकल तो हर जगह स्मार्टफोन हैं, बच्चों तक के पास मोबाइल होते हैं, ऐसे में किसी तरह का सबूत न होना शक पैदा करता है। मेरे भाई पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उसे जानबूझकर मारा गया। ऐसा बांग्लादेश के कई हिस्सों में लगातार हो रहा है। हर दिन हिंदुओं की हत्या हो रही है।

### सरकार बोली- देश में ऐसी हिंसा के लिए जगह नहीं

दीपू मेमनसिंह जिले के भालुका में टैक्सटाइल कंपनी पायनियर निटवेयर्स में काम करते थे। सोर्स बताते हैं कि फैक्ट्री में अफवाह फैली कि दीपू ने ईशनिंदा की है। फैक्ट्री के बाहर भी ये खबर पहुंच गई। रात करीब 9 बजे तक फैक्ट्री के बाहर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ अंदर घुसी और दीपू को खींच कर ले गई। लात, घूंसों और डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया। उसके कपड़े फाड़ दिए। इसी दौरान दीपू की मौत हो गई, तो उसके गले में रस्सी का फंदा डालकर डेडबॉडी सड़क किनारे पेड़ से लटका दी। फिर उसमें आग लगा दी।

### अमृत पर गिरोह बनाकर जबरन वसूली का आरोप

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद वह हाल ही में घर लौटा था। कथित तौर पर अमृत ने गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी थी। 24 दिसंबर की रात अमृत और उसके साथी शाहिदुल के घर पैसे लेने गए थे। जब घरवालों ने चोर-चोर चिल्लाकर शोर मचाया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अमृत की पिटाई कर दी। उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे, जबकि सलीम हथियारों के साथ पकड़ा गया।

### हसीना बोलीं- मौजूदा सरकार गैर-मुसलमानों पर अत्याचार कर रही

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग नेता शेख हसीना ने अंतरिम सरकार पर आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार देश में गैर-मुसलमानों के खिलाफ ह्लअकल्पनीय और भयावह अत्याचारह्व कर रही है। शेख हसीना ने कहा कि अवैध तरीके से सत्ता में आई सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों की आस्था की स्वतंत्रता में दखल दे रही है। उन्होंने पिछले सप्ताह एक हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग का हवाला देते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों को जिंदा जलाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। हसीना ने कहा, अगस्त में हमारी सरकार गिरने के बाद से हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक लगातार हिंसा का शिकार हो रहे हैं। हालांकि बांग्लादेश के लोग इस अंधे दौर को ज्यादा दिन तक जारी नहीं रहने देंगे।

### दीपू दास की ईशनिंदा के झूठे आरोप में हत्या

बांग्लादेश में 18 दिसंबर की देर रात हुई हिंसा से जुड़े एक मामले में बड़ा खुलासा सामने आया है। इस हिंसा में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की जान चली गई थी। अब जांच में यह बात सामने आई है कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले हैं।

दरअसल, सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। लेकिन जांच एजेंसियों का कहना है कि अब तक ऐसी किसी भी पोस्ट या टिप्पणी के प्रमाण नहीं मिले हैं।

बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन (फ्अइ) के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने बांग्लादेशी अखबार ह्यद डेली स्टारह्न को बताया कि जांच में यह साबित करने वाला कोई साक्ष्य नहीं मिला है कि दीपू दास ने फेसबुक पर कोई आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला कंटेंट डाला था। इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरक्षा एजेंसियां घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि अफवाह किसने और कैसे फैलाई, जिसके बाद हालात हिंसक हो गए।

■ वर्ष-12 अंक-54 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 26 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

मूर्खाः यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दाम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता॥

**भावार्थ** : जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है।

धर्मार्थकाममोश्रेषु यस्यैकोऽपि न विद्यते।
जन्म जन्मानि मत्येर्षु मरणं तस्य केवलम्॥

**भावार्थ** : जिस मनुष्य को धर्म, काम-भोग, मोक्ष में से एक भी वस्तु नहीं मिल पाती, उसका जन्म केवल मरने के लिए ही होता है।

## जनसामान्यस्य च कृते महत्त्वपूर्णं राहतं सिद्धं भवितुम् अर्हन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

न्यायालयस्य वृत्त्या निर्वाचनआयोगस्य वर्तमानस्य डिजिटल-भौतिक-सत्यापन-रूपरेखायाः मौलिकदोषाः सन्ति वा इति विषये अपि बहसः प्रेरिता, येन समयसीमाविस्तारस्य पुनः पुनः आह्वानं भवति। इदानीं सम्पूर्णं राष्ट्रं ६ जनवरीदिनाङ्कस्य सुनवायीम् अवलोकयिष्यति, यतः एतेन निर्धारितं भविष्यति यत् सम्पूर्णा एसआईआर-प्रक्रिया संवैधानिकमानकान् पूरयति वा इति। इदानीं कृते १८ दिसम्बर-दिनाङ्कस्य अपराह्णे जारीकृतेन एतत् निर्देशेन सहस्राणि बीएलओ-सर्वकारीयकर्मचारिणः किञ्चित् विरामं प्रदत्तं ये समयसीमायाः पूर्तये अथकं कार्यं कुर्वन्ति। इदानीं कन्दुकं निर्वाचनआयोगस्य न्यायालये अस्ति, आयोगस्य अग्रिमसूचना कियत्कालं यावत् समयसीमाः विस्तारयिष्यति इति ज्ञातुं जनसमूहः उत्सुकः अस्ति। निर्वाचनआयोगः केवलं कतिपयानां दिवसानां विस्तारं दास्यति वा सम्पूर्णप्रक्रियायाः पुनः समयनिर्धारणं।

## सम्पादकीयम्

### राज्यस्य कर्तव्यम्

सर्वोच्चन्यायालयेन अनेकवारं अस्मिन् विषये चिन्ता प्रकटिता अस्ति। २०१८ तमे वर्षे सर्वोच्चन्यायालयेन नागरिकानां जीवनस्य रक्षणं राज्यस्य कर्तव्यम् इति उक्त्वा द्वेषापराधानां निन्दां कृतम्। तस्मिन् एव वर्षे तहसीन् पूनावाला-निर्णयः पारितः, यस्मिन् राज्यानां कृते अनेकाः मार्गदर्शिकाः प्रदत्ताः। आलोचना द्वेषः च। परन्तु यदा एतादृशः कठोरः नियमः प्रवर्तते तदा दुरुपयोगस्य सम्भावना अपि वर्धते। यद्यपि विधेयकेन अपराधस्य विस्तृतपरिभाषा प्रदत्ता अस्ति तथापि वास्तविकं आव्हानं तस्य कार्यान्वयनम् एव अस्ति। द्वेषभाषणं किं भवति, आलोचना च किं भवति इति अवगमने किञ्चित अन्तरं अपि महत्त्वपूर्णं विग्रहं जनयितुं शक्नोति। तथैव असहमति-अधिकारस्य रक्षणस्य आवश्यकता वर्तते। अभिव्यक्तिस्वतन्त्रता। अस्मिन् विधेयकेन सामाजिकमाध्यमाः, ऑनलाइन-मञ्चाः च समाविष्टाः सन्ति। अन्तर्जालस्य प्रचारस्य, द्वेषप्रवर्तकस्य च सामग्रीयाः तीव्रवृद्धिं दृष्ट्वा एतत् विधेयकं उपयोगी भवेत्, परन्तु अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्ये बाधां न जनयेत् विधेयकस्य विषये बहवः चिन्ताः, राजनैतिकविरोधाः च सन्ति। कर्नाटकभाजपा आरोपयति यत् विधेयकं विशिष्टसमूहान् लक्ष्यं कृत्वा प्रवर्तते। अतः एतत् विधेयकं शान्तिस्य साधनं भवतु, न तु प्रतिशोधस्य साधनं भवतु इति व्यवस्थाः निरीक्षणं च स्थापनं अत्यावश्यकम्।

### नीहारस्य घनः कम्बलेन उत्तरभारतस्य रेलयानयानं स्थगितम् अस्ति

# यतः हिमः ब्रेकं रुद्धं कृतवान् यात्रिकाणां धैर्यं च मञ्चेषु क्षीणं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

नीहारस्य घनः कम्बलेन उत्तरभारतस्य रेलयानयानं स्थगितम् अस्ति, यतः हिमः ब्रेकं रुद्धं कृतवान्, यात्रिकाणां धैर्यं च मञ्चेषु क्षीणं जातम्। यतः २० दिसम्ब दिनाङ्के शनिवासरे प्रातः उत्तरभारतस्य विशालेषु मैदानेषु सूर्यप्रकाशस्य प्रथमकिरणाः दृश्यन्ते इति अपेक्षा आसीत्, तस्मात् सम्पूर्णः प्रदेशः श्वेतनीहारस्य अभेद्यकम्बलेन आवृतः आसीत् ऋतुस्य तीव्रतमः नीहारः न केवलं दृश्यतां शून्यसमीपं यावत् न्यूनीकृतवान् अपितु भारतीयरेलवे-सञ्चालनं भृशं अपाङ्गं कृतवान्। पञ्जाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार च प्रति रेलसेवाः विशेषतया प्रभाविताः सन्ति, यतः राजधानी, मगध, संपूर्णक्रान्ती एक्स्प्रेस् इत्यादीनां प्रीमियमरेलयानानां कृते ५ तः १० घण्टाः पश्चात् प्रचलन्ति रेलस्थानकेषु स्थितिः तनावपूर्णा अराजकता च वर्तते, सहस्राणि यात्रिकाः कटुशीते मञ्चेषु स्वरेलयानानां प्रतीक्षां कर्तुं बाध्यन्ते अधुना एक्स इति नाम्ना प्रसिद्धे सामाजिकमाध्यममञ्चे ट्विट्ट इत्यत्र यात्रिकाणां क्रोधः ज्वालामुखी इव उद्भूतः यत्र जनाः रेलमार्गस्य तकनीकीसज्जतायाः, कोहरायन्त्राणां प्रभावशीलतायाः च विषये गम्भीरान् प्रश्नान् उत्थापयन्ति।

यथा यथा नीहारः तीव्रः जातः तथा तथा रेलमार्गप्रशासनेन यात्रिकसुरक्षायाः प्राथमिकताम् अददात्, लोको पायलट्-इत्यस्य कृते विशेषसुरक्षाप्रोटोकॉलः, नीहारयन्त्राणां अनिवार्यप्रयोगः च निर्गतः परन्तु एतासां प्रौद्योगिकीनां अभावेऽपि रेलयानानां औसतवेगः प्रतिघण्टां ३० तः ४० किलोमीट यावत् न्यूनीकृतः यतः पटलेषु दृश्यता प्रायः अदृश्या अभवत् कोटिरूप्यकाणां व्ययेन विकसिताः नीहारसुरक्षायन्त्राणि एतादृशेषु परिस्थितौ कियत् प्रभाविणः सिद्धाः भवन्ति इति विषये जनेषु तीव्रजिज्ञासा चिन्ता च वर्तते। नवीदिल्ली, आनन्दविहार इत्यादिषु प्रमुखेषु स्टेशनेषु दीर्घदूरगालयानानां रद्दीकरणस्य, पुनः समयनिर्धारणस्य च घोषणाभिः यात्रिकाणां समस्याः अधिकाः अभवन् बहवः जनाः सामाजिकमाध्यमेषु स्वस्य अनुभवान् साझां कुर्वन्ति, कथं ते घण्टाभिः यावत् स्टेशन-पीठिकासु उपविष्टाः, केवलं तेषां रेलयानं रद्दं कृत्वा वर्णयन्ति। उत्तरभारते स्टेशनेषु प्रतीक्षालयाः पूर्णाः सन्ति, यात्रिकाः च मञ्चेषु अग्निकुण्डं प्रज्वालयित्वा शीतात् स्वस्य रक्षणार्थं संघर्षं कुर्वन्ति। एषा मौसमविपदा पुनः भारतीयरेलवे-सञ्चालनव्यवस्थायाः सीमाः चर्चायां आनयत्। आधुनिकप्रौद्योगिक्याः, गोलीरेलयानानां स्वप्नानां च मध्ये अयं वार्षिकः नीहारः अस्माकं विद्यमानव्यवस्थां कथं पूर्णतया।

### सौर संयंत्रे जलस्य

## टङ्की फटने 3 श्रमिकों की मृत्यु, 8 अधिक घातक, आतंक उत्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर

महाराष्ट्रस्य नागपुरनगरे शुक्रवासरे प्रातःकाले एकः आश्चर्यजनकः दुर्घटना अभवत्, येन औद्योगिकक्षेत्रेण आघाततरङ्गाः प्रेषिताः। नागपुरस्य बुटीबोरी एमआईडीसी फेज-२ इत्यस्मिन् अवदा सौरसंयंत्रे एकः विशालः जलटङ्की अचानकं विस्फोटितवान्।

जलस्य, मलिनस्य च जलप्रलयेन अनेके श्रमिकाः गृहीताः आसन्। दुर्घटना एतावत विनाशकारी आसीत् यत् त्रयः श्रमिकाः स्थले एव मृताः, अन्ये अष्टाधिकाः गम्भीररूपेण घातिताः। टङ्कस्य विस्फोटः संयंत्रपरिसरस्य अन्तः अराजकता, आतङ्कं च जनयति स्म।

घटनायाः सूचनां प्राप्य स्थानीयपुलिसः, अग्निशामकदलः, आपत्कालीनसेवाः च तत्क्षणमेव घटनास्थले आगताः, युद्धपदे उद्धारकार्यं च आरब्धम् उद्धारदलैः मलिनमण्डपस्य अधः फसितान् श्रमिकान् बहिः आकृष्य आहतानाम् उपचारार्थं समीपस्थे चिकित्सालये प्रवेशितः, येषु केषाञ्चन स्थितिः गम्भीरा इति कथ्यते। पुलिसैः मृतानां त्रयाणां शवः निग्रहे गृहीत्वा शवपरीक्षायै प्रेषिताः, मृतानां परिचयस्य प्रक्रिया च प्रचलति। अस्मिन् दुर्घटना पुनः औद्योगिक-एककेषु श्रमिकाणां सुरक्षाविषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। प्रशासनेन एतत् विषयं गम्भीरतापूर्वकं गृहीत्वा एतादृशी विशाला टङ्की कथं विस्फोटितुं शक्नोति स्म इति विस्तृतं अन्वेषणं प्रारब्धम्। अधिकारिणः स्पष्टीकृतवन्तः यत् अन्वेषणेन निर्धारितं भविष्यति यत् टङ्कस्य परिपालने लापरवाही अभवत् वा तत् तान्त्रिकदोषः आसीत् वा इति। अन्वेषणप्रतिवेदनस्य प्रकाशनानन्तरं यस्य कस्यचित् दोषी दृश्यते तस्य विरुद्धं कठोरकानूनीकार्याणि क्रियन्ते इति प्रशासनेन आश्वासनं दत्तम्।

## राशिफल

**मेष** : आज आपको अकेले आगे बढ़ने के बजाय लोगों के साथ मिलकर काम करने से ज्यादा फायदा मिलेगा।

**वृषभ** : आज करियर से जुड़ी बातें आपके दिमाग में ज्यादा रहेंगी। भविष्य की प्लानिंग करने का दिन है और सोच आगे काम आएगी।

**मिथुन** : आज आपकी बातचीत करने की कला काम आएगी। ऑफिस में आपकी बातों से काम बन सकते हैं।

**कर्क** : आज भावनाएं थोड़ी ज्यादा हावी रह सकती हैं। घर और काम के बीच संतुलन बनाकर चलें।

**सिंह** : आज आपको लोगों के साथ मिलकर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। ऑफिस या बिजनेस में टीमवर्क से फायदा होगा।

**कन्या** : आज आपका दिन प्लानिंग और समझदारी से भरा रहेगा। काम में चीजें सही तरीके से मैनेज होंगी।

**तुला** : आज बातचीत ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। ऑफिस में सही शब्दों में बात करने से अटका काम निकल सकता है।

**वृश्चिक** : आज आपको जमीन से जुड़े रहकर फैसले लेने होंगे। काम में धैर्य रखें और हर चीज कंट्रोल में रखने की कोशिश न करें।

**धनु** : आज आप पॉजिटिव महसूस करेंगे और यही आपकी ताकत बनेगी। काम में मिलकर की गई कोशिशें सफल हो सकती हैं।

**मकर** : आज जिम्मेदारियां थोड़ी बढ़ सकती हैं। काम में पुराने प्लान दोबारा देखने पड़ सकते हैं, लेकिन इससे फायदा ही होगा।

**कुंभ** : आज आपके नए आइडिया लोगों को पसंद आएंगे। ऑफिस या कामकाज में पहचान मिलने के संकेत हैं।


**मीन** : आज आपको फोकस और समझदारी से आगे बढ़ना होगा। काम में आपकी सुलझी सोच तारीफ दिला सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 2026 के पहले गोचर से चमक उठेगी इन राशि वालों की किस्मत, करियर में आएंगे बड़े परिवर्तन

शुक्र के शनि की राशि में आने पर कुछ राशि वालों की किस्मत चमक उठ सकती हैं और भाग्योदय की भी अधिक संभावनाएं बनेंगी। चूंकि यह नववर्ष का पहला गोचर रहेगा, इसलिए कुछ राशियों के लिए समय लाभकारी होगा।

धन-वैभव के कारक शुक्र नए साल में पहला गोचर करने वाले हैं। वह 13 जनवरी 2026 को सुबह 03 बजकर 40 मिनट पर धनु से मकर राशि में आएंगे। उनका यह गोचर ज्योतिष दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण रहने वाला है। मान्यता है कि, शुक्र के शनि की राशि में आने पर कुछ राशि वालों की किस्मत चमक उठ सकती हैं और भाग्योदय की भी अधिक संभावनाएं बनेंगी। चूंकि यह नववर्ष का पहला गोचर रहेगा, इस कारण इन जातकों को करियर में लाभ, व्यापार में बदलाव, प्रेम विवाह के



योग और कला में अच्छे रिजल्ट प्राप्त होंगे। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**वृषभ राशि** – शुक्र का राशि परिवर्तन वृषभ राशि वालों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। दरअसल, शुक्र आपके लग्न भाव और छठे भाव के स्वामी हैं और वह आपके नौवें भाव में प्रवेश करने जा रहे हैं। इसलिए आपको धन लाभ, ऐशो आराम, व्यापार विस्तार और धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं। नौकरी में प्रमोशन के योग बनेंगे। हालांकि, कार्यक्षेत्र में सबका पूर्ण साथ मिलने से आपके सम्मान में वृद्धि होगी। इसके अलावा आपकी क्षमता और मेहनत की प्रशंसा होगी, जिससे करियर में उन्नति होने के योग बन रहे हैं। इस समय वृषभ राशि वालों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा।

**कर्क राशि** – कर्क राशि वालों के लिए शुक्र का गोचर खुशियों से भरा होने वाला है। कर्क राशि वालों के सातवें भाव में गोचर होने से उनके भाग्य में वृद्धि होगी। सेहत में चल रही सभी समस्याओं में सुधार होगा। कर्ज से राहत मिलेगा। मानसिक ऊर्जा में सुधार होने की पूरी संभावना है। हालांकि, आप कोई यात्रा के लिए निकल सकते हैं। करियर के लिए भी कुछ अहम फैसले लेंगे और इसके प्रभाव से आपको सकारात्मक बदलाव भी नजर आने वाला है। शुक्र के प्रभाव से कर्क राशि वालों के रुके हुए कार्य तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। जो लोग नौकरी में हैं, उन्हें प्रमोशन मिलने से मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के ग्यारहवें भाव में शुक्र का गोचर होने जा रहा है। आपके आकर्षण में वृद्धि होगी और लोगों पर आपका सकारात्मक प्रभाव बना रहेगा। इस समय आप साझेदारी में जो भी काम करेंगे उनमें अच्छा खासा लाभ मिलने की संभावना है। आपके बैंक-बैलेंस में भी वृद्धि होने की संभावना है। जो लोग देश-विदेश में यात्रा करते हैं, उन्हें कोई बड़ा प्रोजेक्ट इश समय मिल सकता है। धन कमाने से लेकर आप कोई नया काम प्रारंभ करने में भी कामयाबी हासिल करेंगे।




### सफाई एवं पुताई के लिए रखी फोल्डिंग सिढ़ी को बनाया भागने का जरिया

# खाचरौद उपजेल से हत्या, बलात्कार, अपहरण के 3 बंदी फरार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




**जेल के रोल काल में शाम को नहीं मिले तो मालूम हुआ बंदी फरार हो गए**



जिले की खाचरौद उपजेल से गुरूवार शाम को तीन बंदी फरार हो गए हैं। तीनों विचाराधीर हैं और इन पर अलग झअलग मामलों में हत्या,बलात्कार एवं अपहरण के मामले पंजीबद्ध हैं। तीनों की तलाश की जा रही है। जेल विभाग की सूचना पर पुलिस ने इनके संभावित ठिकानों एवं घरों पर दबिश दी हैं। जेल अधीक्षक उज्जैन मनोज साहु ने घटना की पुष्टि की है वे स्वयं खाचरौद के लिए रवाना हुए हैं।

गुरूवार को खाचरौद उपजेल में पुताई एवं साफ-सफाई का काम चल रहा था। इस दौरान सिढी का उपयोग भी किया गया था। प्रारंभिक जानकारी में सामने आ रहा है कि साफ सफाई एवं पुताई के कार्य में बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट का आरोपी नारायण पिता भेरुलाल जाट 31 वर्ष निवासी ग्राम चंदवासला थाना भाटपचलाना, हत्या का आरोपी गोविंद पिता आसाराम 35 वर्ष निवासी जवाहर मार्ग शर्मा जी की गली थाना नागदा एवं अपहरण एवं बलात्कार का आरोपी गोपाल पिता बापू लाल 22 वर्ष निवासी मालाखेड़ी थाना खाचरोद लगे हुए थे। समय होने पर जेल में काम को बंद कर दिया गया था। इसके बाद जब जेल में 5.45 से 6 बजे के बीच कैदियों की गिनती की जा रही थी। इसमें तीनों गायब मिले।

**प्रारंभिक रूप से सिढ़ी उपयोग की जानकारी**

प्रारंभिक रूप से सामने आया कि सफाई एवं पुताई में उपयोग ली गई फोल्डिंग सिढी भी नहीं है। खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि उप जेल की सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी। प्रारंभिक स्थिति में फोल्डिंग सिढी की बात सामने आ रही है। पुलिस ने आरोपियों के जेल में दर्ज पते ठिकानों पर दबिश एवं संभावित ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई शुरू की है। आसपास एवं अन्य रास्तों के सीसी टीवी कैमरा की तलाश की जा रही है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। जेल विभाग की और से पत्र आने पर तीनों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज की कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय जेल उज्जैन अधीक्षक मनोज साहु के अनुसार उन्हें जानकारी मिली है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर वे उपजेल पहुंच रहे हैं। वहां पहुंचकर अगली कार्रवाई को अंजाम देंगे।

### खातों में पैसा डलवाया फर्म में

# भागीदार बनाने के नाम पर पौने दो करोड़ की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थानाअंतर्गत केशव नगर निवासी विजया पति प्रदीप हरेल से निजी फर्म में भागीदारी के नाम पर परिचितों ने ही पौने 2 करोड की ठगी को अंजाम दे दिया। पिछले दो साल में महिला से भोपाल के मिसरोद एवं सिंगरोली निवासी दो लोगों ने यह राशि उनके खातों में ट्रांसफर करवाई।

महिला ने दोनों से संपर्क के प्रयास किया लेकिन वे गायब हो गए। अंततः महिला ने पुलिस को धोखाधडी का प्रकरण दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार महिला ने बताया कि भोपाल के मिसरोद निवासी निशिकांत मिश्रा और सिंगरौली निवासी संजीव कुमार वर्ष 2023 में उससे मिले और मशीनें सुधारने की कंपनी डालने का झांसा दिया। 12 मई 2023 से लेकर कुछ माह पहले तक लगातार आरोपियों द्वारा विजया से अलग अलग तारीखों में रुपए मंगाए और महिला ने उनकी बातों में आकर 1 करोड़ 85 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। महिला ने बताया कि पिछले दिनों उसे पता चला कि आरोपियों ने ऐसी कोई कंपनी नहीं खोली है और इस बारे में जब उसने दोनों से बात की तो वे उसे बरगलाने लगे। विजया ने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने रुपए देने में भी आनाकानी शुरू कर दी।

फोन पर बात करना भी बंद कर दिया। महिला को अपने साथ धोखाधड़ी का पता चला तो उसने नीलगंगा थाने पहुँचकर आरोपी निशिकांत और संजीव कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी जाएगी।

# शराबी ने पत्थर मार कर अवंतिका एक्सप्रेस के एसी कोच का कांच फोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंदौर से मुंबई के लिए जाने वाली अवंतिका एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12962 पर माधवनगर स्टेशन के समीप एक व्यक्ति ने पत्थर फेंका जिससे एसी कोच का कांच फूट गया। इस दौरान ट्रेन को रोक दिया गया था। आरपीएफ पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरपीएफ टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया कि बुधवार शाम 7 बजे के लगभग ट्रेन रवाना हुई थी। उसी दौरान माधवनगर स्टेशन के पास दरगाह के पास खड़े युवक ने ट्रेन पर पत्थर फेंका। इससे ए1 कोच नंबर 201978/सी पर कोच का एक कांच क्षतिग्रस्त हुआ । एस्कॉर्टिंग पार्टी की सूचना पर घटनास्थल की घेराबंदी करने पर आरोपी सत्यम सोलंकी पिता सुभाष 24 वर्ष निवासी प्रेम नगर उज्जैन को पकड़ा गया।

आरोपी शराब के नशे में था, जिसका मेडिकल कराया गया। डॉक्टर ने आरोपी के नशे में होने की पुष्टि की है। गुरूवार को उप निरीक्षक यशपाल सिंह ने पंचों की उपस्थिति में आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह रेल लाइन के किनारे बैठकर शराब का सेवन किया था। सवारी गाड़ी के सामान्य कोच में बैठे किसी यात्री ने उसे अश्लील इशारा किया। इससे गुस्से में आकर उसने जानबूझकर पत्थर उठाकर उसे मारने का प्रयास किया परंतु पत्थर पास ही के ए-1 कोच के खिड़की के कांच में जा लगा। आरोपी के विरुद्ध के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर बीएनएस की धारा के प्रावधानों के तहत आरोपी को नियत दिनांक को रेलवे न्यायालय में उपस्थित होने का पाबंद कर सूचना पत्र देकर छोड़ा गया ।

### किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, वीडियो सामने आने पर पुलिस ने कार को जप्त कर की कार्रवाई

# फ्रीगंज पुल पर रांग साइड से कार लेकर निकलना चालक को भारी पड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन






एक व्यक्ति फ्रीगंज ब्रिज पर रांग साइड से कार लेकर निकल रहा था जिसका कुछ मोके पर कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही यह वीडियो पुलिस के हेल्पलाइन पर भी डाला था। वीडियो सामने आने पर यातायात पुलिस ने नंबर के आधार पर कार की तलाश शुरू की और कार चालक को कार सहित गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस प्रभावी पहल की सराहना की जा रही है। फ्रीगंज पुल पर व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही थी। रांग साइड से वाहन लेकर निकलने वाले वाहन चालकों को रोकने के लिए पुल पर बैरिकेट्स लगाए थे। लेकिन उसके बाद भी लोग बैरिकेट्स हटाकर रांग साइड से वाहन लेकर निकल रहे थे साथ ही पुलिस पुल के नीचे खड़े होकर कई बार रॉन्ग साइड से निकलने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी कर चुकी है। इधर पुलिस ने गुरुवार को एक प्रभावी कार्रवाई की पुलिस की इस कार्रवाई की तारीफ की जा रही है। फ्रीगंज ब्रिज पर एक युवक अपनी कार लेकर रॉन्ग साइड से निकल रहा था इसी दौरान वहीं से गुजर रहे एक जागरुक व्यक्ति ने पुल पर रांग साइड से कार लेकर निकल रहे व्यक्ति का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया साथ ही यातायात पुलिस हेल्पलाइन पर भी यह वीडियो प्राप्त हुआ। वीडियो में साफ दिख रहा था कि कार चालक फ्रीगंज ब्रिज पर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए गलत दिशा से अपना वाहन लेकर निकल रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने नंबर के आधार पर कार की तलाश शुरू की और कार जप्त कर उसके खिलाफ 4500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com